हरिभूमि

# संस्कारधानी भूमि

रायपुर, बुधवार 29 अक्टूबर 2025

राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव






**भगवान सूर्यदेव व छठी मैय्या की पूजा-अर्चना :** यहां भक्तों ने तालाब घाट में पूजा सामग्रियां रखकर विधि-विधान से भगवान सूर्यदेव की पूजा-अर्चना की एवं तालाब के पानी में उतरकर अस्ताचल भगवान सूर्यदेव को अर्ध्य दिया। इस दौरान पारंपरिक भक्ति गीतों की गूंज रही। बच्चों ने पटाखे छोड़कर पर्व की खुशियां बांटी। वहीं बाजे-गाजे का वातावरण निर्मित रहा। शहर के श्री गणेश मंदिर परिसर स्थित मोती तालाब में बड़ी संख्या में भक्तों की अल सुबह उपस्थिति रही।

## महिलाओं ने उगते सूर्य को अर्ध्य देकर की मंगल कामना

### चार दिवसीय छठ महापर्व का समापन



**राजनांदगांव।** छठ पर्व के चौथे दिन उगते सूर्य को अर्ध्य देकर लोगों ने मंगल कामना की। इस मौके पर बड़ी संख्या में भक्तों की उपस्थिति तालाब घाट व परिसर में रही। भगवान सूर्यदेव एवं छठी मैय्या की पूजा-अर्चना पश्चात प्रसादी वितरण किया गया। इसके साथ ही चार दिवसीय छठ महापर्व का समापन हो गया। इस दौरान श्रद्धा-भक्ति का वातावरण निर्मित रहा। ज्ञात हो कि छठ महापर्व 25 अक्टूबर को नहाय खाय के साथ ही प्रारंभ हो गया था। दूसरे दिन 26 अक्टूबर को खरना, 27 अक्टूबर को कठिन व्रत रखकर व्रतियों ने तालाब परिसर में पूजा-अर्चना की, सामग्रियों को लेकर दोपहर से ही पहुंचने लगे थे। महापर्व के चौथे दिन मंगलवार 28 अक्टूबर को अलसुबह से ही भक्तों की उपस्थिति तालाब परिसर में पूजा सामग्रियों के साथ होनी शुरू हो गई थी। तालाब के पानी में उतरकर भक्तों ने उगते सूर्य को प्रणाम कर श्रद्धा भक्ति के साथ अर्ध्य अर्पित किया। घर-परिवार में मंगल की कामना की गई। पूजा-अर्चना के पश्चात प्रसादी का वितरण किया गया। इसके साथ ही छठ महापर्व का समापन हो गया। अंचल में इस दौरान श्रद्धा-भक्ति का माहौल निर्मित रहा। पर्व को लेकर शहर के मोती तालाब परिसर में आकर्षक विद्युत सज्जा एवं भक्तों के लिए स्वागत द्वार बनाए गए थे।

**खबर संक्षेप**

### आबकारी एक्ट के सात मामले में कार्रवाई



**राजनांदगांव।** जिला केसीजी पुलिस टीम की आबकारी एक्ट के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई। जिला केसीजी के अलग-अलग थानों में आबकारी एक्ट के कुल 7 प्रकरण दर्ज।

बढ़ते अपराधों पर रोकथाम एवं जुआ, सट्टा, गांजा, शराब पर प्रभावी कार्रवाई पर जारी रहेगा संज्ञान। जिले में बढ़ते अपराधों पर रोकथाम एवं जुआ, सट्टा, गांजा, शराब के विरूद्ध वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर सख्ती से कार्रवाई अभियान जारी है। जिसके तहत 27 अक्टूबर को पुलिस टीम केसीजी द्वारा जिला केसीजी के अलग-अलग थानों में आबकारी एक्ट के अंतर्गत थाना खैरागढ़ में 2 प्रकरण, ओपी जालबांधा में 2 प्रकरण, थाना छुईखदान में 1 प्रकरण, थाना गातापार में 1 प्रकरण, थाना गंडई में 1 प्रकरण कुल 7 प्रकरण की कार्रवाई किया गया।

लगातार सख्ती से कार्रवाई जारी रहेगा। उपरोक्त कार्रवाई में पुलिस टीम केसीजी की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

### 9 दिसंबर को प्रारंभिक प्रकाशन, 7 फरवरी को आएगी अंतिम मतदाता सूची

# हर घर में तीन बार दस्तक देंगे बीएलओ पिछले एसआईआर का देना होगा डाटा!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

निर्वाचन आयोग द्वारा घोषणा के बाद अब जिले में भी एसआईआर की तैयारियां तेज कर दी गई है। इस प्रक्रिया के दौरान सभी मतदाताओं की दोबारा जांच होगी। हालांकि जिन मतदाताओं का एसआईआर 2002-2003 में हो चुका है, उन्हें अपना पुराना डाटा उपलब्ध कराना होगा। वहीं बीएलओ को उनके क्षेत्र के हर घर में कम से कम तीन बार दस्तक देने के निर्देश दिए गए हैं। महीनेभर तक आवेदन और जांच की प्रक्रिया के बाद 9 दिसंबर को प्रारंभिक और अगले साल 7 फरवरी को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया जाएगा।

छत्तीसगढ़ में बूथ लेवल ऑफिसर यानि बीएलओ मतदाता सूची के एक विशेष पुनरीक्षण अभियान के हिस्से के रूप में घर-घर तीन बार जाएंगे और उन्हें पिछले संक्षिप्त पुनरीक्षण का डेटा भी प्रदान करना होगा। इस अभियान का उद्देश्य नए योग्य मतदाताओं को शामिल करना, मृत या स्थानांतरित हो चुके मतदाताओं को हटाना और मतदाता सूची की सटीकता सुनिश्चित करना है। इस अभियान में ऑनलाइन आवेदनों को प्राथमिकता दी जाएगी और बीएलओ को गरुड़ ऐप का उपयोग करने का निर्देश दिया गया है।

## चार नवंबर से चार दिसंबर के बीच घर जाएंगे बीएलओ

### ऐसी है प्रक्रिया

28 अक्टूबर से 3 नवंबर तक प्रिंटिंग एवं ट्रेनिंग कार्य

4 नवंबर से 4 दिसंबर तक घर-घर दस्तक देंगे बीएलओ

9 दिसंबर को मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन होगा

9 दिसंबर से 8 जनवरी तक दावा-आपत्ति ली जाएगी

9 दिसंबर से 31 जनवरी तक सुनवाई कर निराकरण होगा

7 फरवरी को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होगा


840 बीएलओ कर रहे मिलान, अगले एक सप्ताह में पूरी होगी प्रक्रिया

बिहार की तर्ज पर जिले में भी एसआईआर 2003 के मतदाता सूची का हो रहा मिलान

दो श्रेणी में बटेंगे मतदाता

वर्ष 2003 में थे 488554 मतदाता

### 2003 में थे 488554 मतदाता, अब 7 लाख

मिली जानकारी के अनुसार दो दशक पहले 2003 में एसआईआर की प्रक्रिया की गई थी। उस दौरान राजनांदगांव जिले में कुल 488554 मतदाता थे। वहीं अब मौजूदा स्थिति में जिले में लगभग 7.10 लाख मतदाता हो गए हैं। ऐसे में सितंबर महीने में की गई मिलान की प्रक्रिया के दौरान बीएलओ ने यह देखा था कि 2003 के 488554 मतदाता में से कितने मतदाताओं के नाम अब भी मतदाता सूची में दर्ज है। इन मतदाताओं को प्रमाण देने की आवश्यकता नहीं होगी।

### माता-पिता से मिलाएंगे नाम

सूची में शामिल ऐसे मतदाता जिनके माता-पिता में किसी का भी नाम 2003 की सूची में शामिल है, उनकी सूची भी तैयार कर ली गई है। ऐसे मतदाताओं के साथ कोई दिक्कत नहीं है, उनका सत्यापन बीएलओ सूची तैयार करने के बाद घर-घर जाकर करेंगे। ऐसे मतदाता जो 2003 के बाद जुड़े हैं और उनके माता-पिता में किसी का नाम पुरानी सूची में नहीं है, उन्हें अपने यहां का निवासी होने और पहचान स्थापित करने के लिए आवश्यक दस्तावेज जमा करना होगा।

### फार्म के जरिये देनी होगी डिटेल

एसआईआर प्रक्रिया के तहत निर्वाचन आयोग ने एक फार्म यूनिक एन्यूमरेशन फार्म जारी किया है। बीएलओ के माध्यम से सभी मतदाताओं से यह फार्म भराया जाएगा। इस फार्म में मतदाता से जुड़ी सभी जरूरी जानकारी ली जाएगी। इसके अलावा प्रत्येक मतदाता को पिछले एसआईआर के रिकार्ड के तहत अपनी या फिर माता-पिता की जानकारी देनी होगी। ज्ञात हो बीएलओ को फार्म भरने में पूरी तरह से मदद करने के निर्देश दिए गए है।

## पुलिस ने मारा छापा 11 नग चाकू बरामद




हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले में नए पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के पदभार ग्रहण करने के साथ ही जिले की पुलिस असामाजिक तत्वों के खिलाफ एक्शन मोड पर है। पुलिस ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों में काम्बिंग गश्त की। इस दौरान असामाजिक तत्वों में हडकंप मचा रहा।

पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन पर एएसपी राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में सीएसपी वैशाली जैन के नेतृत्व में 27 अक्टूबर को थाना कोतवाली, बसंतपुर, लालबाग, चौकी चिखली एवं तुमडीबोड़ के निचली बस्ती क्षेत्र चिखली, पेंड्री अटल आवास, अटल विहार, लखोली, नंदई, इंदिरानगर, सागरपारा, रामनगर, शंकरपुर, सोलह खोली, मोतीपुर, बजरंगपुर नवागांव एवं गौरीनगर में इन थाना व चौकी प्रभारियों के साथ उनके थाना स्टाफ तथा रक्षित केंन्द्र एवं साइबर सेल के अतिरिक्त बल के साथ अलग-अलग 10 टीम तैयार कर इन संवेदनशील इलाकों में कॉम्बिंग गश्त किया गया।

### आठ गिरफ्तार

थाना कोतवाली पुलिस द्वारा 1 स्थाई वारंट, 6 गिरफ्तारी वारंट एवं 7 नग ऑनलाइन चाकू बरामद किया गया। थाना बसंतपुर पुलिस द्वारा 4 ऑनलाइन चाकू बरामद किया गया एवं 2 प्रकरणों में आर्म्स एक्ट की कार्रवाई की गई। थाना लालबाग द्वारा 1 स्थाई वारंट तामिल किया गया एवं 3 प्रकरण में प्रतिबंधात्मक कार्रवाई किया गया। चौकी चिखली पुलिस द्वारा 9 प्रकरणों में प्रतिबंधात्मक कार्रवाई, चौकी तुमडीबोड़ में 4 प्रकरणों में प्रतिबंधात्मक कार्रवाई किया गया। अनुविभाग में सुबह 6 बजे से कॉम्बिंग गश्त करते 1 स्थाई वारंट एवं 7 गिरफ्तारी वारंट तामिल किया गया। 11 नग ऑमेजोन से मंगाए गए ऑनलाइन चाकू बरामद किया गया। 2 प्रकरणों में आर्म्स एक्ट की कार्रवाई की गई एवं 16 प्रकरणों में 16 व्यक्ति के विरूद्ध धारा 170 बीएनएसएस के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई।

## आयोजनों के बाद मरम्मत करने से तौबा, शहर के मैदान हो रहे खराब



### आयोजन के बाद कोई देखने वाला नहीं

अक्सर यह देखा गया है कि इन मैदानों में आयोजन कराने वाली समिति अपने आयोजन के बाद मैदान को उसी हाल में छोड़कर चली जाती है। कोई भी समिति मैदान में हुई क्षति को सुधरवाने का प्रयास नहीं करती। ऐसे में इन मैदानों में खेलने वाले खिलाड़ियों को ही दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर में खेल जगत से जुड़े लोगों के सामने एक बार फिर मैदान की समस्या खड़ी हो गई है। दोनों ही प्रमुख मैदान स्टेट स्कूल एवं म्युनिसिपल स्कूल मैदान में आगामी दिनों के आयोजन को लेकर तैयारियों का दौर शुरू हो गया है। ऐसे में इन मैदानों में खिलाड़ियों को खेलने का स्थान नहीं मिलेगा। यह पहला अवसर नहीं है, जब इन मैदानों में कोई आयोजन हो रहे हो। पिछले दो महीने में ऐसे कई आयोजन इन दो मैदानों में कराए जा चुके हैं। जिसके चलते जहां मैदान की सुंदरता भी खराब हो रही है। वहीं खिलाड़ी भी परेशान हैं।

## मोहल्ले में हो-हुल्लड़ मचाने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मोहल्ले में हो-हुल्लड़ करने के मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत 28 अक्टूबर को मुखबीर की सूचना के आधार पर मोहल्ले में हो-हुल्लड़ करने वाले अनावेदक वंश यादव नंदई कुंआ चौक, रितेश यादव उर्फ लारो नंदई तथा तरूण यादव महामाया चौक के विरूद्ध इस्तगाशा धारा 170, 126, 135(3) भानासुसं के तहत कार्रवाई कर अनावेदकों को गिरफ्तार कर एसडीएम न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। उपरोक्त अनावेदकों का न्यायालय से जेल वारंट प्राप्त होने के पश्चात जिला जेल राजनांदगांव दाखिल किया गया।

**चिखली पुलिस की कार्रवाई**

इधर चौकी चिखली में प्राप्त शिकायत आवेदन पत्रों एवं पूर्व में कायम अपराध के आधार पर 28 अक्टूबर को शिकायत जांच के दौरान मौके पर पहुंचने पर मेरे खिलाफ शिकायत आवेदन दिए हो, कहकर लड़ाई-झगड़ा कर शांति भंग करने एवं संज्ञेय अपराध घटित होने की पूर्ण संभावना पर दयानंद वैष्णव 31 साल शंकरपुर को गिरफ्तार कर पृथक से धारा 170, 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत कार्रवाई कर न्यायालय राजनांदगांव में पेश किया गया।

## महिला की मौत, परिजनों ने घेरा दफ्तर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बीते दिनों शहर के शुक्ला अस्पताल में एक महिला की बच्चादानी ऑपरेशन के बाद तबीयत बिगड़ने और फिर उसका दो बारा ऑपरेशन करने से मौत होने पर मृतिका के परिजनों ने ऑपरेशन में गड़बड़ी और लापरवाही का आरोप लगाया था। वहीं इस मामले में अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। लगभग एक माह बीतने के बाद भी अस्पताल पर कार्रवाई नहीं होता देख आज मृतिका के परिजन कांग्रेस नेता निखिल द्विवेदी के साथ जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय का घेराव करने पहुंचे।



बीते 8 अक्टूबर को शहर के शुक्ला अस्पताल में बालोद जिले के रीवागहन निवासी लगभग 46 वर्षीय द्रौपदी साहू की मौत हुई थी। इसके बाद अस्पताल परिसर में ऑपरेशन में लापरवाही को लेकर परिजनों द्वारा हंगामा किया गया था और मौके पर पहुंचे सीएमएचओ ने इस मामले में सात दिवस के भीतर कार्रवाई को लेकर लिखित आश्वासन दिया था, लेकिन अस्पताल प्रबंधन पर कार्रवाई नहीं हुई।

⏩ शेष पेज 14 पर

### आंदोलन की चेतावनी

युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव निखिल द्विवेदी ने कहा कि इस मामले को एक माह हो रहा है और जांच के नाम पर सिर्फ लीपापोती चल रही है। जल्द ही अगर कार्रवाई नहीं हुई तो कलेक्टोरेट कार्यालय का घेराव किया जाएगा। उन्होंने कहा कि न्याय की लड़ाई जारी रहेगी।

### पीएम रिपोर्ट का इंतजार

ऑपरेशन थियेटर को सील किया जा चुका है। मामले में उच्च स्तरीय जांच की मांग की गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है। रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की कार्रवाई होगी।

-डॉ. नेतराम नवरत्न, सीएमएचओ

## मौसम में आए बदलाव का सेहत पर भी दिख रहा असर, मरीज बढ़े

# मोंथा तूफान का असर: आज हवाओं की बढ़ेगी रफ्तार बारिश का येलो अलर्ट, दिन का तापमान पांच डिग्री लुढ़का

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मोंथा तूफान बंगाल की खाड़ी के तटीय इलाकों में तेज गति से सक्रिय हो गया है। जिसका असर अंचल में भी देखने को मिल रहा है, जहां जिले को लेकर बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। वहीं आज हवाओं की रफ्तार 20 से 30 किमी प्रति घंटे तक बढ़ने की संभावना जताई गई है। इधर तूफान के चलते मंगलवार को दिनभर जिले में बदली छाई रही।

मौसम विभाग के अनुसार चक्रवाती तूफान मोंथा के असर से ओडिशा, आंध्रप्रदेश और छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों में भारी बारिश और तेज हवाओं की संभावना जताई गई है। इसके चलते रेलवे प्रशासन ने एहतियातन कुछ ट्रेनों के संचालन समय में बदलाव किया है, ताकि यात्रियों को असुविधा कम से कम हो। एक प्रबल चक्रवात पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी में स्थित है तथा यह 12 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से उत्तर-उत्तर पश्चिम दिशा में आगे बढ़ रहा है। इसके लगातार उत्तर-उत्तर पश्चिम दिशा में आगे बढ़ते हुए आंध्रप्रदेश तट पर मछलीपट्टनम और कालिंगपटनम के बीच काकनाड़ा के पास आज शाम को अथवा रात्रि में तट को पार करने की संभावना है। तट पार करते समय चक्रवात के हवा की गति 90 से 100 किलोमीटर प्रति घंटे तथा बीच-बीच में 110 किलोमीटर प्रति घंटे की चलने की संभावना है।



### तापमान में भी आई गिरावट

मोंथा तूफान के प्रभाव का असर अंचल के तापमान में भी देखने को मिला है। मंगलवार को अंचल का अधिकतम तापमान 28 डिग्री पर रहा। यह पांच डिग्री तक नीचे आया है। वहीं न्यूनतम पारा 20 डिग्री पर जा पहुंचा है। अगले कुछ दिनों में होने वाली बारिश और तेज हवा का असर फसलों पर पड़ेगा। खेतों में खड़ी फसल तेज हवा और बारिश के कारण खराब हो सकती ह

### आज से बढ़ेगी बारिश की गतिविधियां

प्रदेश में कल 29 अक्टूबर को अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक-दो स्थानों पर भारी से अति भारी वर्षा होने की भी संभावना है। इस मौसमी तंत्र के प्रभाव से हवा की गति 20 से 30 किलोमीटर प्रति घंटे की चल सकती है। वर्षा का क्षेत्र मुख्यतः मध्य और दक्षिण छत्तीसगढ़ रहने की संभावना है। वर्षा का क्षेत्र धीरे-धीरे मध्य और उत्तर छत्तीसगढ़ की ओर केंद्रित रहने की संभावना है। वर्षा की गतिविधि 31 अक्टूबर तक लगातार जारी रहने की संभावना है।

### बैडमिंटन टूर्नामेंट आज से

**राजनांदगांव।** युगांतर कॅप बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन कल 28 अक्टूबर से रखा गया है। इस टूर्नामेंट के आयोजन की जानकारी देते युगांतर के पीआरओ स्पोर्ट्स ऑफिसर दिनेश प्रताप सिंह ने बताया कि नगर भर की लगभग 12 स्कूलों की टीमें इस वृहद आयोजन में भाग लेगी। इस दौरान टीमों के बीच खिताब के लिए जबर्दस्त प्रतिस्पर्धा देखने को मिलेगी। इस टूर्नामेंट के आयोजन से बैडमिंटन प्रेमियों में गजब का उत्साह देखने को मिल रहा है। इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य मधुसूदन नायर तथा प्रबंध समिति ने सभी टीमों के प्रति शुभकामनाएं प्रकट की है। उन्होंने कहा है कि इस टूर्नामेंट के आयोजन का उद्देश्य विद्यालय में सभी प्रकार के खेलों को बढ़ावा देना है। इन सभी बातों को ध्यान में रखकर पिछले दिनों युगांतर कॅप फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन सफलतापूर्वक हुआ।




## खबर संक्षेप

### डांस प्रतियोगिता एक को

**खड़गांव।** नवयुवक समिति अटल चौक खडगांव द्वारा आगामी एक नवंबर को देवउठनी एकादशी एवं तुलसी विवाह के अवसर पर डांस प्रतियोगिता आयोजित किया गया है। सामूहिक, युगल और एकल ग्रुप में आयोजित डांस प्रतियोगिता के विजेताओं को नगद राशि से पुरस्कृत किया जाएगा। आयोजन समिति के तिलक साहू, जितेंद्र, हरेंद्र, दीनू और शिव घावडे व्यापक तैयारियों में जुटे हैं। सभी ग्रामवासी भी सहयोग कर रहे हैं। प्रतियोगिता रात्रि 7 बजे प्रारंभ होगी।

### सामाजिक पदाधिकारियों का निर्वाचन



**डोंगरगढ़।** कलकसा आदिवासी ध्रुव गोंड समाज मुड़ा परिक्षेत्र मुसरा कला का निर्वाचन बूढ़ादेव प्रांगण में संपन्न हुआ। निर्वाचन अधिकारी के रूप में नरोत्तम सिंह कुंजाम एवं नंदलाल कोहकोट्टा मौजूद थे। सबसे पहले फड़ा पेन शक्ति की पूजा अर्चना कर स्वागत किया गया। तत्पश्चात श्री कुंजाम ने निर्वाचन प्रक्रिया से अवगत कराया। चयन लोकतांत्रिक ढंग से किया गया। सामान्य प्रभाग से प्रेमलाल मंडावी, युवा प्रभाग से सुरेन्द्र मंडावी महिला प्रभाग से अहिल्या मंडावी निर्वाचित हुए। सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को सामाजिक जनों ने बधाई दिया गया। इस दौरान प्रेमलाल मंडावी, हीरा सिंह सलामे, सुरेन्द्र मंडावी, अहिल्या मंडावी, दिलीप पड़ौती, दीनदयाल पुराम, नरेन्द्र कोर्राम, किशुन नेताम, मनहरन, मदन नेताम, जीवराखन मंडावी, लोमन उईके, निलेश शोरी, अजय मंडावी, सुरेन्द्र कतलाम, श्यामसिंह मरकाम, मीनाबाई धुर्वे, भामबती मरकाम, अंजनी मंडावी, अनुसुइयां बाई, केमन बाई, आशा मंडावी सहित अन्य उपस्थित थे।

### साइकिल के इंतजार में गुजर गया आधा सत्र

**डोंगरगढ़।** आधा शिक्षा सत्र खत्म होने वाला है किन्तु उच्चतर माध्यमिक शाला बेलगांव की छात्राओं को अब तक सरस्वती सायकल योजना के तहत सायकल नहीं मिली है। सायकल वितरण को लेकर शाला विकास समिति के अध्यक्ष एवं अन्य कई बार संबंधित को संपर्क कर मांग कर चुके हैं किन्तु अब तक वितरण के लिए सायकल नहीं मिली है। यहां पढ़ाई करने के लिए 4 से 6 किलोमीटर दूर से छात्राएं आती है। सायकल नहीं मिलने से छात्राओं में में खासी नाराजगी है। पालकों और पंचायत प्रतिनिधियों ने छात्राओं की परेशानी को देखते हुए प्रशासन से तत्काल सायकल मुहैया कराने की मांग की है।





### गढ़ सिवाना में 31 को गुरू के सानिध्य में अंगीकार करेगी दीक्षा

# बाबुल का आंगन छोड़कर संयम के पथ पर निकल पड़ी भाविका

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

सांसरिक जीवन से मोह भंग होने के बाद वीतराग की राह पर कदम बढ़ाते हुए नगर की बेटी भाविका बोहरा ने मंगलवार को बाबुल का आंगन हमेशा के लिए छोड़ दिया। पारिवारिक और सामाजिक जनों ने उसके शुभ भावों की अनुमोदना करते हुए बिदाई दिया। मुमुक्ष भाविका राजस्थान के गढ़ सिवाना में आगामी 31 अक्टूबर को आयोजित समारोह में पूज्य ज्ञान गच्छाधिपति प्रकाश म सा से दीक्षा अंगीकार करेगी।

उल्लेखनीय है कि नगर के प्रतिष्ठित और धर्मनिष्ठ अमरचंद- किशोर बोहरा की पुत्री भाविका ने करीब चार साल वैराग्य काल बिताने के बाद दीक्षा ग्रहण करने का संकल्प लिया था। आत्म कल्याण की राह पर चलने संकल्पित बेटी के भावो को देखते हुए परिजना ने पूज्य ज्ञान गच्छाधिपति प्रकाश म सा को आज्ञापत्र सौंपा था। भाविका के भावों, त्याग और धर्म के प्रति निष्ठा को देखते हुए आचार्य प्रकाश म सा ने दीक्षा की अनुमति प्रदान किया। दीक्षा के क्रम में बीते दिनों संयम महोत्सव का आयोजन शहर में किया गया था।



#### छूटा आंगन, छलक पड़े आंसू

करीब 25 सालों तक बोहरा निवास में चहकने वाली भाविका ने मंगलवार को हमेशा के लिए बाबुल के आंगन को छोड़ते हुए संयम के पथ पर आगे बढ़ गई। यहां आयोजित बिदाई समारोह में जब बेहद मार्मिक नजारा देखने मिला जब नाजों से पली भाविका को परिजनों और सामाजिकजनों से सांसरिक रिश्तों से विलग होते देखा। इा दौरान मौजूद जनों की आंखे डबडबा गई किन्तु इस बात का संतोष देखा गया कि बेटी धर्म पताका थामकर वीतराग की राह पर कदम बढ़ा रही है। भाविका ने अंतिम चरण में लापसी को हाथ लगाया जिसे बाद में वितरित किया गया।दीक्षार्थी भाविका के आगे बढ़ते ही भाईयों ने कुछ दूर तक अपने हाथों में बैठाकर बिदा किया।

#### जिन शासन को आगे बढ़ाए

गढ़ सिवाना रवाना होने के पहले मौजूद जनों को संबोधित करते हुए भाविका ने कहा कि वह आत्मकल्याण की राह पर जा रही है इसलिए सभी खुशी के साथ बिदा करें। उन्होंने कहा कि संयम की राह पर चलने का मौका सभी को नहीं मिलता किन्तु उन्हे यह मौका मिला है सभी यह भावना रखे कि वीतराग की राह पर कदम हमेशा आगे बढते हैं। उन्होंने शहर की सराहना करते हुए सभी से मिलजुलकर रहने और जिन शासन को आगे बढ़ाने कहा।। बिदाई कार्यक्रम में भजनों के साथ संचालन वंदना पारख ने किया। इस मौके पर नन्ही आराध्या बोहरा और नव्या बोहरा ने भी अपने भाव प्रकट किए। इस दौरान विधायक भोलाराम साहू, दिनेश गांधी, रामकिशन महेश्वरी, स्वरूपचंद जैन, जेठमल बोहरा, दीना पटेल, हेमंत चोपड़ा, अनिल टावरी, संजय संचेती, विनोद बोहरा, सुरेश नखत, राजकुमार बोहरा, सिद्दीक बड़गुजर, प्रियंक जैन, अमित गांधी, अनुज चौधरी, स्वप्निल जैन, पूनम श्रीश्रीमाल, मुकेश लोढा, मिताली कटकवार सहित अन्य बड़ी संख्या में मौजूद थे।

# शांति कायम करता है संयुक्त राष्ट्र संघ



■ अर्जुनी कॉलेज में मनाया गया स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी

स्थानीय शासकीय नवीन महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ अंजना ठाकुर के निर्देशन में संयुक्त राष्ट्र संघ स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम डोमेन्द्र कुमार ने अपने विचार प्रस्तुत किया।

इसी क्रम में टिकेश्वरी ठाकुर, गणेश्वरी ने संयुक्त राष्ट्र संघ के स्थापना, उद्देश्य पर प्रकाश डाला। प्राचार्य श्रीमती ठाकुर ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र संघ एक अंतरराष्ट्रीय संगठन है जो समस्त देश में शांति एवं सुरक्षा स्थापित करने के साथ मानव अधिकारों की रक्षा करता है। आर्थिक विकास हेतु विभिन्न गतिविधियों का क्रियान्वयन किया जाता है। इसी कड़ी में राजनीति विभागाध्यक्ष ज्ञानेश्वर देवांगन ने कहा कि विश्व में प्रतिस्पर्धा का दौर चलते रहता है जिसमें युद्ध का बीजारोपण होता है जिसका खामियाजा गरीब देश को भुगतना पड़ता है।

अपार जन,धन की हानि होती है इसे रोकने एवं शांति स्थापित करने के उद्देश्य से संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना किया गया। इस अवसर पर अतिथि व्याख्याता डॉ संजू सिंह, डॉ. काव्य जैन, डॉ. हेमलता विरदी, कंचन साहू, योगिता ठाकुर, चांदनी पराते, हरवंश चौरगे, चंद्रकांत कुंभकार आदि उपस्थित थे। संचालन एवं आभार प्रदर्शन हिंदी विभागाध्यक्ष ओम प्रकाश सहारे ने किया।

### आरएसएस के खैरागढ़ खंड का दीपावली मिलन

**खैरागढ़।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ खैरागढ़ खंड द्वारा दीपावली स्नेह मिलन उत्सव का आयोजन जालबांधा में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में राजनांदगांव विभाग पर्यावरण प्रमुख मनोहर चंदेल उपस्थित रहे। इस अवसर पर विशेष रूप से जिला कार्यवाह कौशल वर्मा, खंड कार्यवाह मनोज वर्मा, नगर संघ संचालक मोतीलाल यादव, मंडल प्रमुख रविन्द्र, प्रदीप सिंह, स्वदेशी जागरण मंच से प्रणोति जैन सहित विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ता और स्वयंसेवक उपस्थित रहे। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विक्रांत सिंह, पूर्व विधायक कोमल जंघेल, पूर्व सरपंच दीनदयाल सिन्हा, सरपंच राजेंद्र वर्मा, जयप्रकाश साहू सहित अनेक कार्यकर्ता व स्वयंसेवको को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता मनोहर चंदेल ने दीपावली पर्व शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि दीपावली स्नेह, प्रेम और भाईचारे का पर्व है। उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पंच परिवर्तन के विषय पर विस्तृत रूप से विचार व्यक्त किया और कहा कि शताब्दी वर्ष के उपरांत गृह संपर्क अभियान के माध्यम से समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचकर लोगों को धर्म, संस्कृति और राष्ट्र के प्रति जागरूक करने का कार्य किया जाएगा। उक्त जानकारी संघ के जिला योग शिक्षण प्रमुख मनोज वर्मा ने दी है।

# मोनालिका को रंगोली में मिला प्रथम पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

दीपोत्सव अवसर पर ओसवाल लाइन में वक्रतुंड मित्र मंडल एवं दीपचंद चित्रकला प्रशिक्षण केंद्र के संयुक्त तत्वाधान में रंगोली प्रतियोगिता एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । यह प्रतियोगिता दो वर्ग में आयोजित थी। ''अ'' वर्ग में ओसवाल लाइन कॉलोनी के प्रतिभागी एवं ''ब'' वर्ग में दीपचंद चित्रकला प्रशिक्षण केंद्र के विद्यार्थियों के बीच रंगोली प्रतिस्पर्धा एवं चित्रकला प्रतिस्पर्धा हुई।

■ वक्रतुंड मित्र मंडल और दीपचंद चित्रकला केन्द्र का आयोजन

कार्यक्रम में विशेष अतिथि पार्षद जैनम बैद, कैलाश बैद, दिलीप कोटडिया, शांता कोटडिया, कार्यक्रम के संयोजक दीपचंद साहू, आशीष साहू, प्रतियोगिता के निर्णायक राजेश स्वर्णकर एवं सभी छात्रों के पालको की उपस्थिति में प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।

इसी प्रकार रंगोली प्रतियोगिता में ओसवाल लाइन से गोल्ड मैडल प्रियंका सोनी, सिल्वर मैडल मानसी जैन, ब्रॉन्ज मैडल उन्नति सोनी तथा दीपचंद चित्रकला प्रशिक्षण केंद्र से प्रथम स्थान रंगोली में मोनालिका साहू, द्वितीय मेधा पारख, तृतीय लाविका सिंह राजपूत को प्राप्त हुआ। अंत में पार्षद जैनम बैद ने उक्त आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर आयोजन समिति द्वारा कैलाश बैद, दिलीप कोटडिया का सम्मान किया गया। साथ ही दीपचंद साहू को कला प्रोत्साहन सम्मान से, शीतल साहू को कलाविद् सम्मान से, राजेश स्वर्णकार को निर्णायक सम्मान एवं जैनम बैद को अतिथि सम्मान से सम्मानित कर स्मृति चिन्ह दिया गया।



#### सभी विजेता पुरस्कृत

कार्यक्रम में सर्वप्रथम चित्रकला प्रतियोगिता के छात्रों को सम्मानित किया गया। जिसमें चित्रकला ''अ'' वर्ग में प्रथम सुमेध गढ़पायले, द्वितीय जयंत कालेश्वार, तृतीय हर्षित साहू को दिया गया। इसी प्रकार ''ब'' वर्ग से चित्रकला में प्रथम लाविका सिंह राजपूत, द्वितीय युवराज गढ़पायले, तृतीय वान्या साहू तथा ''स'' वर्ग में सॉफ्ट पेस्टल पेंटिंग में प्रथम हुमेश साहू, द्वितीय राजेश अंदानी, तृतीय विजय सोनकर को प्राप्त हुआ।

# पीएम मोदी के रायपुर आगमन को लेकर तिलई मंडल में तैयारी बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रायपुर आगमन को लेकर तिलई मंडल में तैयारी बैठक संपन्न हुई।

नवीन विधानसभा भवन के लोकार्पण एवं छत्तीसगढ़ राज्य के 25वें वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित राज्य उत्सव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रायपुर आगमन प्रस्तावित है। उनके स्वागत एवं सानिध्य प्राप्ति हेतु कार्यकर्ताओं को रायपुर पहुंचने प्रोत्साहित करने मंडल स्तर पर बैठकों का दौर जारी है।

इसी कड़ी में सोमवार को तिलई मंडल में तैयारी बैठक आयोजित की गई। जिसमें भाजपा जिला पदाधिकारी रवि सिन्हा एवं तरूण लहरवानी उपस्थित रहे। मंडल अध्यक्ष परदेसी सोनबोईर एवं समस्त मंडल पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर रवि सिन्हा एवं तरुण लहरवानी ने कहा कि "यह हमारे लिए गर्व का विषय है कि विश्व पटल पर भारत का गौरव बढ़ाने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी छत्तीसगढ़ की धरती पर पधार रहे हैं। उनके स्वागत के लिए अधिक से अधिक संख्या में अनुशासित रूप से रायपुर पहुंचकर हमें अपनी संगठनात्मक शक्ति एवं एकजुटता का परिचय देना है।"

बैठक में शीला टाकेश सिन्हा, प्रतिमा पप्पू चंद्राकर, अनीता सिन्हा, मंजू चंदेल, संकेत वैष्णव, ललिता साहू, गंगादास वैष्णव, गोपी साहू, परदेशी सोनबोईर, राकेश साहू, यशवंत वर्मा, अजय ठाकुर, राजेश्वरी साहू, माहेश्वरी साहू, संगीता साहू, शारदा साहू, ईश्वर साहू, टीका साहू, टाकेश सिन्हा, मोहन साहू, चंद्रशेखर यदु, पंकज वर्मा, हेमंत लहरे, दधिबल वर्मा, रवि वर्मा, नीलाभ यदु, राजकुमार देवांगन, संतोष साहू, कैलाश वर्मा, गिरवर साहू, बिसन साहू, संजय टंडन, सोनसाय साहू, महेंद्र साहू, लेखू साहू, टुकेश साहू, ललित यादव, दुर्गा प्रसाद साहू, कृपाराम साहू, बलराज साहू, महेश सेना, शन्नी साहू, मुरारी साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।






### निषाद समाज का दीपावली मिलन आयोजित

# शिक्षा और संस्कार से ही उन्नति

हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी

छत्तीसगढ़ निषाद केंवट समाज का क्षेत्रीय स्तरीय एवं पचगईया युवक-युवती परिचय सम्मेलन ग्राम में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष द्रुपद मुन्ना निषाद थे। उन्होंने कहा कि समाज को संगठित व संस्कारवान बनाना हमारा कर्तव्य है। समाज के विकास के लिए सभी को शिक्षित और जागरूक होने से जोर देते हुए कहा कि संस्कारवान शिक्षा ही समाज का विकास किया जा सकता है। उन्होंने सामाजिक एकता पर भी जोर दिया।

शुभारंभ और स्वागत के बाद श्री निषाद ने कहा कि युवक-युवती परिचय सम्मेलन करने से विवाह हेतु रिश्ता लगाने में सहायक होता है । समाज में रिश्ता तय करने में बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ता है जिसे देखतेह हुए सभी जगह यह कार्यक्रम होना चाहिए। इससे पहले उन्होंने सामाजिक ध्वजारोहण किया। प्रदेश सचिव गिरधर निषाद ने ध्वज गीत प्रस्तुत किया। इस मौके पर प्रदीप कैवर्त, कोमल देव निषाद, किशोर निषाद ने भी संबोधित करते हुए सामाजिक भाई चारे भाव जैसे विचार से जुड़कर समाज को संगठित करने की बात कही।



#### युवक-युवती ने दिया परिचय

समाज के मीडिया प्रभारी चैन कुमार सोनवानी निषाद ने युवक-युवती परिचय सम्मेलन 70 युवक-युवतियों ने भाग लेकर उत्साह से साथ अपना परिचय दिया। सम्मेलन में पालक भी शामिल हुए। कार्यक्रम में मोहला मानपुर, खैरागढ़, कवर्धा, बीजापुर सहित अन्य क्षेत्र के सामाजिक जनों से हिस्सा लिया।आयोजन में अश्विनी निषाद, मौजीराम निषाद, बसंत निषाद, धनेश निषाद का सराहनीय योगदान रहा है। संचालन भूपेंद्र निषाद तथा आभार व्यक्त बसंत निषाद ने किया। अध्यक्षता बसंत निषाद ने की। विशिष्ट अतिथि गिरधर निषाद, टीकम निषाद, लोकेश निषाद, पदमनी निषाद, चैन कुमार सोनवानी, मौजीराम, सरपंच ललिता साहू, रेखालाल निषाद थे।

#### प्रतिभाशालियों का सम्मान

सम्मेलन में जिला क्षेत्रीय, पंचगहिया पदाधिकारियों, युवक-युवती के साथ ही 10वीं, 12वीं के प्रतिभाशाली विद्यार्थी को मोमेंटो भेंटकर सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करने वाले बच्चों का भी सम्मान किया गया। इस अवसर पर गौतरिया निषाद, कृपाराम निषाद, संजीव निषाद, नीलम निषाद, अमृतलाल निषाद, अश्विनी निषाद, मुकेश निषाद, धनेश निषाद, धनंजय निषाद, बलराम निषाद, मौजीराम, प्रीतम, हिरदेराम, रामबिलास, पारस निषाद, सोनऊ, संजय निषाद, शशि कुमार, टीकम, बहुरसिंग, तीरथ निषाद, हेमसिंह, बिसेसर, अमृत निषाद आदि बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### संत नामदेव जन्मोत्सव 5 को

**डोंगरगढ़।** संत नामदेव विकास परिषद, नामदेव समाज की बैठक भगतसिंह चौक स्थित नामदेव भवन में विकास नामदेव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में अध्यक्ष श्री नामदेव ने बताया संत शिरोमणि नामदेव महाराज का जन्मोत्सव देवउठनी एकादशी के दिन है। संत श्री नामदेव विकास परिषद और नामदेव समाज द्वारा नामदेव महाराज का 755वाँ जन्मोत्सव आगामी 5 नवंबर को धूमधान से मनाया जाएगा। इस मौके पर नगर में शोभायात्रा निकली जाएगी। समापन पर महावीर तालाब परिसर में आरती पश्चात भोजन प्रसादी होगा। बैठक में ललित नामदेव, दिनेश नामदेव, भागवत नामदेव, राजकुमार, संदीप, राजेश कश्यप, यशवंत, मोनू नामदेव, नितिन शांडिल्य, अमनबृज नामदेव, किशोर, सोनू, सौरभ, साहिल नामदेव सहित अन्य शामिल हुए।

HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक

Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore

सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफ़ेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपूर्ण ईलाज

पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# SHRI KHATU SHYAM JYOTISH

## 15 वर्षों से आपकी सेवा में






## जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

**पं. रविकांत शर्मा / पं. एस. के. शास्त्री**




हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
"ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है"
"जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान"



पं. एस. के. शास्त्री
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

**ऑफिस आने पर मात्र ₹101/- फोन से परामर्श केवल ₹251/-**

व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया,
शादी के लिए माता-पिता को मनाना

**जब कही ना हों काम, तो हमसे ले समाधान**

## जन्म पत्रिका बनाई जाती है

- नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष समाधान
- व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
- मकान - संतान योग
- दुकान, बच्चो के कैरियर मार्गदर्शन
- कालसर्प दोष निवारण
- प्रेम विवाह, मोहनी
- मांगलिक दोष निवारण



**बुकिंग के लिए संपर्क करें : +91 7470674060**

असुविधा से बचने के लिए आपॉइंटमेंट लेकर ही मिलें

नोट : मिलने के लिए अपॉइंटमेंट लेना आवश्यक है। मिलने का समय : सुबह 9 से शाम 7 बजे तक

**पोलसाय पारा चौक के पास, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)**

संपर्क सूत्र :- पं. रविकांत शर्मा एवं पं. एस. के. शास्त्री : +919755964567

## सार समाचार

### राज्योत्सव पर म्युनिसिपल स्कूल मैदान में कार्यक्रम



**राजनांदगांव।** राज्योत्सव 2025 के अवसर पर 2 नवंबर को जिला मुख्यालय राजनांदगांव के सर्वेश्वरदास नगर पालिक निगम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (म्युनिसिपल स्कूल) राजनांदगांव मैदान में शाम 6 बजे से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। साथ ही राज्य स्थापना दिवस के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। राज्योत्सव के अवसर पर 2 नवंबर को सुप्रसिद्ध छत्तीसगढ़ी लोक गायिका आरू साहू के सुमधुर गीतों से महफिल सजेगी। कार्यक्रम में विभागीय स्टॉलों के माध्यम से शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों की जानकारी दी जाएगी।

### हरडुवा में रामलीला की प्रस्तुति



**राजनांदगांव।** ग्राम हरडुवा में भारत का प्रसिद्ध श्री धर्म प्रचारक रामलीला मंडल काशी उत्तरप्रदेश की प्रस्तुति का आयोजन किया जा रहा है। गांव के रोहित वर्मा व तोषण सिन्हा ने बताया कि काशी उत्तरप्रदेश की रामलीला का मंचन 6 दिन तक चलने वाली प्रस्तुती प्रभु श्रीराम के लीला का वर्णन बहुत ही सुंदर ढंग से किया जा रहा है। रोज रात 8 से 10 बजे तक चलने वाली प्रस्तु को देखने के लिए ग्रामवासियों से अपील कर मानव जीवन को कृताध्र करने की अपील की है । उक्त जानकारी रोहित वर्मा द्वारा दी गई।

### 504 वाहन चालकों के ड्राईविंग लाईसेंस निलंबित

**राजनांदगांव।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से वाहन चालकों पर निगरानी रखने तथा मोटरयान अधिनियम व नियम के विपरीत वाहन चलाने वालों पर लाईसेंस निलंबन करने की कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ने बताया कि परिवहन एवं पुलिस विभाग द्वारा मोटरयान अधिनियम 1988 की विभिन्न धाराओं के तहत 1 जनवरी से 24 अक्टूबर तक मोटरयान अधिनियम व नियम के विपरीत वाहन चलाने वाले 504 वाहन चालकों के ड्राईविंग लाईसेंस निलंबन की कार्रवाई की गई है। जिसमें रेड लाईट जंप करने वाले 120, ओवर स्पीड वाले 116, माल वाहन में सवारी ढोने पर 148, शराब पीकर वाहन चलाते पाए जाने पर 78, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग करते पाए जाने पर 29, ओवर लोड-परिवहन करने वाले 13 वाहन चालकों के ड्राईविंग लाईसेंस निलंबन की कार्रवाई की गई है।

### विशेष शिविर का शुभारंभ



**राजनांदगांव।** शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय राजनांदगांव की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम रामपुर में सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ मंगलवार को किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सचिन बघेल ने की तथा मुख्य अतिथि संतोष अग्रवाल उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि रमेश पटेल और मनीष साहू शामिल हुए। मुख्य अतिथि संतोष अग्रवाल ने कहा कि युवाओं की सक्रिय भागीदारी से ही गांव से लेकर राष्ट्र तक सकारात्मक परिवर्तन संभव है। अध्यक्षता करते सचिन बघेल ने कहा कि एनएसएस युवाओं को अनुशासन और सेवा भावना का जीवन-व्यापी संदेश देता है। विशिष्ट अतिथि रमेश पटेल एवं मनीष साहू ने ग्रामीण कुरीतियों के उन्मूलन और पर्यावरण संरक्षण में युवाओं का योगदान आवश्यक बताया। साइंस कॉलेज के जनभागीदारी समिति अध्यक्ष रवि सिन्हा ने कहा कि एनएसएस शिविर विद्यार्थियों को समाज के प्रति उत्तरदायित्व का वास्तविक पाठ पढ़ाता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि स्वयंसेवक ग्राम रामपुर के विकास में सार्थक भूमिका निभाएंगे। शिविर के समापन कार्यक्रम का आयोजन 3 नवंबर को किया जाएगा। जिसमें मुख्य अतिथि महापौर मधुसूदन यादव, अध्यक्षता कोमल सिंह राजपूत तथा विशिष्ट अतिथि पारस वर्मा, सावन वर्मा एवं सुरेंद्र सिंह बग्गा उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर नमिताभ जैन, निर्मला उमरे, यतीश कुमार साहू, पंचायत प्रतिनिधि, ग्रामवासी एवं एनएसएस के स्वयंसेवी छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### तीन दिवस सतगुरु कबीर सत्संग ग्राम पेंडरवानी में



**पेंडरवानी।** तीन दिवस कबीर सतसंग सामरोह का आयोजन 28 से 31 अक्टूबर तक ग्राम पेंडरवानी में किया जा रहा है। जिसमें प्रवचनकर्ता संत रामुदास साहेब, ग्राम मिरमिट कबीरधाम होगे । इस आयोजन में 28 अक्टूबर को सत्संग प्रवचन होगा। वहीं 29 अक्टूबर को गुरु महिमा पाठ, 30 अक्टूबर को सात्विक यज्ञ चौक आरती और 31 अक्टूबर को प्रेमलाल साहू/ बसंती साहू का सेवानिवृत्त विदाई समारोह आयोजित किया जाएगा।

### अग्रवाल समाज एसपी को सौंपेगा ज्ञापन

**राजनांदगांव।** अग्रवाल समाज कल बुधवार को एसपी कार्यालय पहुंचकर जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के अध्यक्ष अमित बघेल द्वारा दिए गए आपत्तिजनक बयान के विरोध में ज्ञापन सौंपेगा। समाज ने अमित बघेल पर महाराजा अग्रसेन के प्रति अमर्यादित टिप्पणी करने का आरोप लगाते उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कठोर कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में अमित बघेल ने एक मीडिया बयान में भगवान अग्रसेन जो भगवान श्रीराम के वंशज एवं जन-जन के प्रेरणास्त्रोत हैं, के प्रति अपमानजनक शब्दों का प्रयोग किया है। बघेल ने अपने बयान में पेशाब करने, मूर्ति तोड़ने और चौराहा लबरा जैसे अशोभनीय शब्द कहे। जिससे न केवल अग्रवाल समाज, बल्कि व्यापक जनसमुदाय की भावनाएं भी आहत हुई है। उल्लेखनीय है कि उक्त बयान में पं. श्याम प्रसाद मुखर्जी, पं. दीनदयाल उपाध्याय तथा सिंधी समाज पर भी अमर्यादित टिप्पणी की गई है। इससे समाज के लोगों में व्यापक आक्रोश व्याप्त है। अग्रवाल समाज ने पुलिस अधीक्षक से शीघ्र कार्रवाई की मांग करते कहा है कि यदि दोषी के विरुद्ध जल्द एफआईआर दर्ज नहीं की गई तो समाज द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा।

पृष्ठ 11 का शेष

### महिला की मौत...

इसके बाद अब मृतिका के परिजन आंदोलन की राह पर हैं। आज बड़ी संख्या में मृतिका के परिजन और अन्य ग्रामीण मृतिका द्रौपदी साहू की तस्वीर लेकर सीएमएचओ कार्यालय पहुंचे और यहां गेट के सामने बैठकर धरना प्रदर्शन करते हुए शुक्ला अस्पताल और स्वास्थ्य विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल का पुतला भी जलाया। वहीं सीएमएचओ को मौके पर बुलाने की मांग की। जिसके बाद मौके पर पहुंचे सीएमएचओ ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के अनुसार कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया।

**अस्पताल को सील करने की मांग-** सीएमएचओ कार्यालय में प्रदर्शन करने पहुंचे मृतिका के पुत्र राहुल साहू ने कहा कि सीएमएचओ द्वारा 7 दिन में कार्रवाई का आश्वासन दिया गया था, लेकिन अस्पताल पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि दोषी डॉक्टर पर जल्द कार्रवाई हो और शुक्ला अस्पताल को बंद किया जाए, अगर ऐसा नहीं किया जाता है तो साहू समाज के साथ प्रदेश स्तर पर धरना प्रदर्शन करेंगे।

---

निगम ने डेढ़ दर्जन मवेशियों को पकड़ा

# घुमंतू मवेशियों को पहुंचाया कांजी हाउस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

नगर निगम का मवेशी धरपकड़ अभियान में निगम की टीम शहर के प्रमुख चौक-चौराहों का निरीक्षण कर एवं शिकायत के आधार पर घुमंतू एवं बैठे मवेशियों को पकड़ने की कार्रवाई कर रही है। कार्रवाई की कड़ी में बसंतपुर क्लब चौक, महामाया चौक, गंज मंडी चौक, नंदई चौक, कुंआ चौक, चौखड़ियापारा, रेवाडीह चौक, आम्बेडकर चौक हाईवे रोड से 18 घुमंतू मवेशियों की धरपकड की गई। मवेशियों को रेवाडीह कांजी हाउस में रखा गया है, जहां उन्हें मंडी से बचे फल-सब्जी का पौष्टिक आहार दिया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि कई पशु मालिकों द्वारा अपने मवेशियों को खुला छोड़ देते हैं। जिससे मवेशी चौक-चौराहों में घूमते एवं बैठे रहते हैं। जिससे यातायात बाधित होती है एवं दुर्घटना की संभावना बनी रहती है, जो आमजनों के साथ ही पशुओं के लिए भी खतरनाक है। पशु मालिकों की सजगता से ही दुर्घटना से बचा जा सकता है।



#### रात में भी अमला तैनात

रात में भी निगम का अमला चौक-चौराहों व सड़कों पर खुला घूमते पाए जाने पर पशुओं को भगाने की कार्रवाई कर रही है। पकड़े मवेशियों को नगर निगम अमला द्वारा पकड़कर कांजी हाऊस में बंद कर नियमानुसार शुल्क व जुर्माना भुगतान करने के उपरांत ही मुक्त कर संबंधित पशु पालकों को सौंपा जाएगा। आयुक्त ने मवेशी मालिकों से अपील की है कि वे अपना मवेशी बांधकर रखे। मवेशी खुला छोड़ने से यातायात बाधित होती है एवं दुर्घटना की संभावना बनी रहती है।

#### बीमार मवेशियों का किया जा रहा इलाज

नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने घुमंतू मवेशियों को पकड़ने टीम गठित की है। गठित टीम चौक-चौराहों से घुमंतू मवेशियों को पकड़ने की कार्रवाई कर रही है। मंगलवार की कार्रवाई में बसंतपुर क्लब चौक, महामाया चौक, गंज मंडी चौक, नंदई चौक, कुंआ चौक, चौखड़ियापारा, रेवाडीह चौक, आम्बेडकर चौक हाईवे रोड से 18 घुमंतू एवं बैठे मवेशियों को पकड़ा गया। मवेशियों को पकड़कर कांजी हाउस में रखा जाता है, जहां उन्हें पैरा-कुट्टी के साथ-साथ बसंतपुर गंज मंडी से बचे फल-सब्जी प्रतिदिन लाकर खिलाया जा रहा है, ताकि उन्हें पौष्टिक आहार मिलता रहे। बीमार मवेशियों को गौशाला पिंजरापोल ले जाकर ईलाज भी कराया जाता है। साथ ही उन्हें छोड़ने पर 570-570 रुपए संबंधित से अर्थदंड लेकर मवेशी छोड़ा जाता है।

### जब्तशुदा वाहन राजसात

**राजनांदगांव।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने ग्राम दाऊटोला तहसील डोंगरगांव जिला राजनांदगांव निवासी रोहित खोब्रागढ़े के स्वामित्व की जब्तशुदा वाहन टाटा एसीआई छोटा हाथी क्र. सीजी-08-बी -2379 को छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम के प्रावधानों के तहत शासन के पक्ष में राजसात किया है।

जब्त वाहन द्वारा 5 नग मवेशी गाय प्रजाति के भरकर बिना चारा-पानी के क्रूरतापूर्वक बूचडख़ाना व कत्लखाना की ओर तेज एवं लापरवाहीपूर्वक चलाते ले जा रहा था। पुनरीक्षण अवधि समाप्त होने तथा सक्षम न्यायालय से किसी प्रकार का कोई आदेश प्राप्त नहीं होने की दशा में राजसात किए गए वाहन का गठित समिति द्वारा नियमानुसार नीलामी की कार्रवाई की जाएगी एवं प्राप्त राशि को छत्तीसगढ़ शासन के निर्धारित मद में खजाना दाखिल करने की कार्रवाई की जाएगी। सक्षम न्यायालय (सत्र न्यायालय राजनांदगांव) से आदेश के विरूद्ध कोई आदेश प्राप्त होने पर आगे की कार्रवाई न्यायालय के आदेशानुसार की जाएगी।

# मोंथा तूफान का दिखा असर, छाए रहे बादल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंडई पंडरिया



बंगाल की खाड़ी में उठे चक्रवाती तूफान मोथा का प्रभाव गंडई में भी साफ देखने मिला है। यहाँ का मौसम भी पूरी तरह बदल गया है। आसमान में दिन भर बादल छाए रहे और हवा की गति भी सामान्य से काफी तेज रही। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार मोथा तूफान के सक्रिय होने के कारण एक व्यापक मौसमी सिस्टम बना है, जिसका असर दूर-दराज के इलाकों में भी महसूस हो रहा है। गंडई में पूरा दिन आसमान पर घने बादल छाए रहे। धूप लगभग गायब रही। लोगों ने दिन भर अन्य दिनों की अपेक्षा तेज हवा का चलना महसूस किया। खासकर खुले क्षेत्रों में हवा के झोंके काफी तेज थे। अलग-अलग हिस्सों में रुक-रुक कर बूंदा बांदी भी होते रही, जिससे वातावरण में ठंडक महसूस किया गया। राहत की बात यह रही कि मौसम में आए बदलाव के बाद भी किसी प्रकार की अनहोनी नहीं हुई। न तो पेड़ गिरने की खबर है और न ही किसी संपत्ति को क्षति पहुँची है।

### मड़ई आज

**जेवरतला रोड।** ग्राम खामतराई में मड़ई का आयोजन कल 29 अक्टूबर को शीतला चौक में रखा गया है। लोगों के मनोरंजन के लिए रात्रि में भुईयां के अंजोर छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी ग्राम गांजर का कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी देते हुए ग्राम प्रमुख हिरमन साहू व रामनाथ साहू ने अंचल के लोगों से आने की अपील की है।

# बेतरतीब अतिक्रमण की चपेट में मुख्य बाजार से लेकर ग्रामीण क्षेत्र की सड़कें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंडई पंडरिया

नगर पंचायत गंडई में अतिक्रमण की समस्या अब विकराल रूप ले चुकी है। मुख्य बाज़ार में दुकानदारों द्वारा फैलाए गए सामान से लेकर ग्रामीण धरसा मार्गों तक पर अवैध कब्जे किए जा रहे हैं, जिससे न केवल आम नागरिकों को बल्कि अन्य व्यापारियों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

बस स्टैंड और नगर पंचायत के बीच स्थित व्यावसायिक क्षेत्र में एक दुकानदार द्वारा किए जा रहे अतिक्रमण को लेकर अन्य व्यापारियों ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी से लिखित शिकायत की है। शिकायत कर्ता दुकानदार पंकज मोबाईल शॉप, गोसाई मोबाईल, सिन्हा कम्प्यूटर्स और मां महामाया मोबाइल शॉप ने शिकायत में बताया है कि भिखेंद्र राजपूत, जो कि सरस्वती इलेक्ट्रॉनिक नामक दुकान संचालित करते हैं, उनके द्वारा दुकान के बाहर सीढ़ी के सामने बॉक्स और अन्य सामान रखे जाने एवं दुकान के दोनों ओर फ्लेक्स लगा दिए जाने के कारण हमारी चार दुकानें पूरी तरह से ढक जाती हैं, जिससे व्यापार संचालन में भारी दिक्कत हो रही है। परेशान दुकानदारों ने निवेदन किया है कि भिखेंद्र राजपूत अपना सामान दुकान के अंदर रखकर बेचें, ताकि अन्य व्यापारियों को अनावश्यक परेशानी न हो।



#### सड़क किनारे निर्माण से सकरी हुई सड़कें

मुख्य बाजार के अतिक्रमण के अलावा, गंडई में सड़क किनारे बेतरतीब ढंग से निर्माण करते हुए घर बनाने का चलन भी बढ़ा है। कई स्थानों पर लोगों ने अपनी संपत्ति की सीमा से बाहर निकलकर अतिक्रमण किया है, जिसके परिणामस्वरूप नगर की मुख्य सड़कें और गलियां अत्यधिक सकरी हो गई हैं। इस वजह से यातायात प्रभावित हो रहा है और पैदल चलने वालों के लिए भी जगह नहीं बची है।

#### धरसा मार्ग पर किसानों का कब्जा

नगर पंचायत के बाहर ग्रामीण क्षेत्रों को जोड़ने वाले मार्गों पर भी अतिक्रमण की गंभीर समस्या सामने आई है। जिसमे पंडरिया से दौजरी जाने वाला पूरा धरसा मार्ग किसानों के अतिक्रमण की चपेट में आ गया है। मार्ग के दोनों ओर खेत मालिकों द्वारा कब्जा कर लिए जाने के कारण यह सड़क पूरी तरह से सकरी हो गई है। स्थानीय लोगों के अनुसार, पहले जहां इस मार्ग पर दो ट्रैक्टर एक साथ आसानी से गुजर सकते थे, वहीं अब एक ट्रैक्टर का सही तरीके से खड़ा होना भी मुश्किल हो गया है।

### एमएसएमई के लिए कार्यशाला 31 को

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के तहत उद्योग विभाग द्वारा रैम्प योजना के अंतर्गत 31 अक्टूबर को सुबह 11 बजे से जिला पंचायत सभाकक्ष में जेम से संबंधित कार्यशाला का आयोजन किया गया है। रैम्प योजना के अंतर्गत सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, महिला उद्यमियों, स्वसहायता समूह और पारंपरिक कारीगरों को डिजिटल साक्षरता, डिजिटल प्लेट फार्म, मार्केटिंग प्लेटफॉर्म एवं बीडीएसपी से जोड़ने एवं उनके उत्पादों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने हेतु गवर्नमेंट ई-मार्केट प्लेस पर जुड़ने एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया है।

## तुमड़ीबोड़ भाजपा मंडल की बैठक आयोजित

**राजनांदगांव।** प्रदेश भाजपा के आह्वान पर छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के रजत जयंती महोत्सव पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 01 नवंबर को रायपुर आने पर तुमडीबोड मंडल की आवश्यक बैठक सामुदायिक भवन में संपन्न हुई। जिसमें दीपावली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। बैठक में वरिष्ठ भाजपा नेता खूबचंद पारख, जिला उपाध्यक्ष तरूण लहरवानी, राजेंद्र जैन बंटू और जिला मीडिया प्रभारी अमर लालवानी उपस्थित थे।

बैठक का शुभारंभ भारत माता की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलन कर किया गया। तत्पश्चात विषय पर प्रतिवेदन जागेश्वर यादव एवं फागुराम सिन्हा ने किया। मुख्य वक्ता खूबचंद पारख ने कहा कि छत्तीसगढ़ को राज्य का दर्जा देने में सर्वाधिक भूमिका अटल बिहारी वाजपेई की रही। खूबचंद पारख, तरूण लहरवानी एवं अमर लालवानी ने कार्यकर्ताओं को आह्वान किया कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में 01 नवंबर को रायपुर पहुंचकर मोदी की सभा में शामिल होकर मोदी का आशीर्वचन



अवश्य ग्रहण करें। बैठक में निवेदन साहू, नवीन परमार, जागेश्वर यादव, रामनाथ वर्मा, अमरोतन साहू, आत्माराम रात्रे, गोकुल सिंह, सुदीप चंद्रवंशी, देवलाल वर्मा, हेमलाल कंवर, पंचराम कंवर, कुमारी साहू, निर्मला सिन्हा, राज कंवर, जितेंद्र सिन्हा, भारती वर्मा, जय नितेश साहू, भुनेश्वरी ठाकुर, तरुण साहू, केशव साहू, टेलन सिंह वर्मा, जीवन वर्मा, जितेंद्र कुमार, कमलेश वर्मा, टेकराम साहू, हीरामन साहू, केवल सिंह वर्मा, सेवकराम समेत अन्य लोग शामिल थे।

## खाटू वाले श्याम प्रभु का पांच दिवसीय जन्मोत्सव आज से

**राजनांदगांव।** श्री श्याम भरोसे परिवार द्वारा स्थानीय श्री हनुमान श्याम मंदिर में खाटू वाले श्याम प्रभु के जन्मोत्सव पर पांच दिवसीय महोत्सव 29 अक्टूबर से धूमधाम से मनाया जाएगा। मुख्य समारोह मंदिर के पीछे स्थित श्रीश्याम परिसर में संपन्न होगा। 29 अक्टूबर को महोत्सव का शुभारंभ मेंहदी उत्सव के साथ होगा। 30 को निशान यात्रा, 31 अक्टूबर व 1 नवंबर को भजन संध्या तथा 2 को महाप्रसादी होगी।

श्री श्याम भरोसे परिवार की दीपा राजेश शर्मा, टीना अमित खंडेलवाल, सुनीता संतोष बावरिया, वंदना बंशी अग्रवाल, स्वाति योगेश लोहिया, रिंकू गणेश मिश्रा, भावना घनश्याम अग्रवाल, दीप्ति ओमप्रकाश अग्रवाल, प्रीति शंकर खंडेलवाल के अनुसार संस्कारधानी नगरी में खाटू वाले श्याम प्रभु का जन्मोत्सव कार्तिक शुक्ला एकादशी को भक्तिमय महोत्सव अनेक वर्षों से श्रद्धा एवं भक्तिभाव पूर्वक मनाया जा रहा है। आगामी 1 नवंबर को श्याम प्रभु के जन्मोत्सव पर



पांच दिवसीय आयोजन 29 अक्टूबर से 2 नवंबर तक संपन्न होंगे।

श्री हनुमान श्याम मंदिर में 29 अक्टूबर को सुबह 11 बजे से श्री श्याम नाम की मेहंदी श्रद्धालु भक्त माता-बहनों एवं बंधुओ को लगाई जाएगी। आयोजन समिति ने श्रद्धालु श्याम प्रेमी माता-बहनों से मेंहदी उत्सव में शामिल होकर अपने हाथों में श्याम नाम की मेंहदी रचवाने का आग्रह किया है। महोत्सव की सफलता के लिए श्री हनुमंत भक्ति के तहत रात्रि 8.01 बजे से सुप्रसिद्ध हनुमंत भक्त गणेश मिश्रा एवं साथियों द्वारा संगीतमय सुंदरकांड का पाठ किया जाएगा।

कैम्प में शामिल छात्र-छात्राओं को दी जानकारी

# साइबर अपराध, नशामुक्ति व यातायात सुरक्षा पर कैडेटों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

एनसीसी कैम्प पेंड्री में एनसीसी के छात्र-छात्राओं को पुलिस ने नशामुक्ति , सायबर अपराध और यातायात सुरक्षा संबंधी जानकारी देकर जागरूक किया गया। जिसमें 400 से अधिक छात्र-छात्राएं शामिल थे।

राजनांदगांव, कवर्धा, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई एवं मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के एनसीसी छात्र-छात्राओं द्वारा ग्राम पेंड्री जिला राजनांदगांव में एनसीसी कैम्प आयोजित किया गया है।

#### अधिकारी भी रहे उपस्थित

इस अवसर पर एनसीसी के कऱाल, एनसीसी लेफ्टिनेंट डिकेश्वर निषाद, केप्टन निलेश कुर्रे, एनसीसी सूबेदार जसवंत सिंग, सूबेदार जसविंदर सिंग, एनसीसी पीआई एवं अन्य सिविल अधिकारी व सायबर सेल प्रभारी निरीक्षक विनय पम्मार, आरक्षक धीरज डड़सेना एवं वार्षिक कैंप में आए एनसीसी कैडेट्स उपस्थित थे।



#### साइबर सुरक्षा सबकी जिम्मेदारी

पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन पर नगर पुलिस अधिक्षक वैशाली जैन के पर्यवेक्षण पर 28 अक्टूबर को साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक विनय पम्मार द्वारा एनसीसी कैम्प पेंड्री पहुंचकर सभी एनसीसी छात्र-छात्राओं को साइबर फ्राड के प्रकार एवं उनसे बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने ऑनलाइन ठगी, एपीके फाईल, फिशिंग, ओटीपी शेयरिंग, सोशल मीडिया फ्रॉड एवं साइबर सुरक्षा से जुड़ी सावधानियों के बारे में छात्रों को जागरूक किया। साथ ही "साइबर सुरक्षा सबकी जिम्मेदारी" के संदेश के साथ विद्यार्थियों को सतर्क रहने की अपील की गई।



**खबर संक्षेप**

## किसानों को राजीव गांधी न्याय योजना की चौथी किस्त अब तक नहीं मिली




**हरिभूमि कोलेगांव** प्रदेश में पूर्व कांग्रेस सरकार की सभी योजनाएं लगभग बंद है। जिसमें राजीव गांधी किसान न्याय योजना की चौथी किस्त के लिए पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार द्वारा किसानों को भुगतान नहीं किया, जिसके कारण किसानों को मिलने वाली किसान न्याय योजना की चौथी किस्त आज पर्यंत तक नही मिली। जिस पर क्षेत्र के ग्रामीण किसानों ने शासन प्रशासन को इस ओर ध्यान देने तथा राजीव गांधी किसान न्याय योजना का पैसा किसानों का हक है, उन्हें मिलना ही चाहिए। वहीं क्षेत्र के किसानों ने सरकार से किसानों को उनके धान का पैसा तत्काल भुगतान करने की मांग की गई। बताया जाता है कि प्रशासन की महत्वकांक्षी जनकल्याणकारी योजनाएं दम तोड़ चुकी है। किसानों को मिलने वाली राजीव गांधी किसान न्याय योजना की चौथी किश्त नहीं दिया गया। किसानों का कहना है कि किसान दिन-रात मेहनत कर फसल उगाते है, धान बेचते है, लेकिन किसान को अपना मेहनत का राशि आज तक नहीं दिया गया। जिस पर शासन प्रशासन को चौथा किस्त धान का जो पैसा बचा हुआ है उसको किसान को तत्काल दिया जाएं।

**पहल:** सफलता के लिए किसी प्रकार का शॉर्ट कट नहीं होता, कठोर परिश्रम से ही लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है: उपमुख्यमंत्री

# विजय शर्मा ने 17 शासकीय स्कूलों में एक साथ स्मार्ट क्लास की ऐतिहासिक शुरुआत की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा ने मंगलवार को ग्राम बिरकोना के उच्चतर माध्यमिक शाला से कवर्धा विकासखंड के अंतर्गत संचालित 17 शासकीय स्कूलों में स्मार्ट क्लास सुविधा का शुभारंभ करते हुए शिक्षा के डिजिटलीकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल की। कार्यक्रम के दौरान बिरकोना से सभी स्कूल वर्चुअल माध्यम से सीधे जुड़े रहे। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने बिरकोना स्कूल परिसर पहुंचकर सर्वप्रथम मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर सरस्वती वंदना के साथ पूजा-अर्चना की।

उपमुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में पहुंचने पर स्मार्ट क्लास की कार्यप्रणाली का अवलोकन किया और शिक्षकों से इसकी तकनीकी संरचना व उपयोग प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने विद्यार्थियों के साथ बैठकर डिजिटल बोर्ड के माध्यम से हृदय की संरचना, भौतिक विषय तथा पौधों में पादप हार्मोन से संबंधित थ्रीडी एनिमेटेड डिजिटल कंटेंट का लाइव डेमो भी देखा और स्वयं स्मार्ट बोर्ड संचालित कर इसकी उपयोगिता को परखा।

उन्होंने विद्यार्थियों के साथ प्रत्यक्ष संवाद कर प्रकाश के अपवर्तन से संबंधित प्रश्न पूछा, जिसका उत्तर विद्यार्थियों ने निर्भीकता और सहजता से दिया। इस पहल को जिले में डिजिटल शिक्षा व्यवस्था के सुव्यवस्थित विस्तार की दिशा में अभूतपूर्व कदम माना जा रहा है। स्मार्ट क्लास के शुभारंभ से अब जिले के मिडिल, हाई एवं हॉयर सेकेंडरी स्कूलों के विद्यार्थियों को पहली बार अत्याधुनिक डिजिटल शिक्षण प्रणाली का सीधा लाभ मिल सकेगा। अगला चरण सहसपुर लोहारा तथा बोड़ला विकासखंड के शासकीय स्कूलों में भी इसी सुविधा का शुभारंभ किया जाएगा।

जिले में सीएसआर मद से कुल 50 स्कूलों में स्मार्ट क्लास लगाने की योजना है। जल्दी ही अन्य स्कूलों में भी प्रारंभ किया जाएगा। स्मार्ट क्लास के शुभारंभ से अब जिले के मिडिल, हाई एवं हॉयर सेकेंडरी स्कूलों के विद्यार्थियों को पहली बार अत्याधुनिक डिजिटल शिक्षण प्रणाली का सीधा लाभ मिल सकेगा। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि यह परियोजना केवल उपकरण या तकनीक की उपलब्धता नहीं, बल्कि पूरी शिक्षा तकनीकी में परिवर्तन की पहल है। जहां मल्टी-डायमेंशनल कंटेंट थ्रीडी विसुअलाइजेशन और इंटरैक्टिव लर्निंग के माध्यम से कठिन से कठिन विषय भी विद्यार्थियों के लिए आकर्षक और सरल बन सकेंगे।

उन्होंने बताया कि प्रथम चरण में कवर्धा विकासखंड के 17 स्कूलों में यह सुविधा शुरू की गई है, जबकि सीएसआर मद से शेष 33 विद्यालय जोड़कर कुल 50 स्कूलों तक इसे तुरंत विस्तार दिया जाएगा तथा आगे कुल 74 विद्यालयों को स्मार्ट क्लास से सुसज्जित करने का लक्ष्य है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक विद्यालय विषयवार साप्ताहिक शैक्षणिक शेड्यूल तैयार करे। उन्होंने कहा कि स्कूलों में डिजिटल वीडियो लाइब्रेरी विकसित की जाए और एक स्कूल को दूसरे स्कूल से जोड़कर ज्ञान एवं अनुभव विनिमय तंत्र तैयार किया जाए, जिससे विद्यार्थियों को सतत प्रतिस्पर्धात्मक एवं सहयोगात्मक समझ के वातावरण प्राप्त होगा। इस अवसर पर बोड़ला जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि रामकिंकर वर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष विजय पाटिल, संतोष मिश्रा, जिला पंचायत सदस्य राजकुमार मेरावी, श्रीमती ललिता रूपसिंह धुर्वे, मोहन धुर्वे, गजानंद यादव, मीलू साहू, सुनील साहू सहित जनप्रतिनिधि, विद्यार्थी व ग्रामीण तथा शिक्षक गण उपस्थित थे।





### कठोर परिश्रम ही एक मात्र विश्वसनीय मार्ग है: श्री शर्मा

उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि सफलता के लिए किसी प्रकार का शॉर्टकट नहीं होता। कठोर परिश्रम ही एकमात्र विश्वसनीय मार्ग है। सही को सही और गलत को गलत कहने का साहस ही सच्चे शिक्षित होने का प्रमाण है। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने यह जानकारी भी दी कि जिले के 44 विद्यालयों में शेड निर्माण हेतु स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है तथा विद्यार्थियों के मानसिक एवं व्यवहारिक सुदृढ़ीकरण के लिए वरिष्ठ प्रबुद्धजनों की काउंसलिंग योजना को लागू करने का कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था केवल पढ़ाई नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण और जीवन मूल्यों की स्थापना के लिए एक समग्र शैक्षणिक अभियान के रूप में विकसित की जाएगी।

### कवर्धा विकासखण्ड के स्कूलों में एक साथ आधुनिक स्मार्ट क्लास की मिलेगी सुविधा

उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कवर्धा विकासखंड के 17 स्कूलों में एक साथ स्मार्ट क्लास सुविधा का शुभारंभ किया। इसमें स्वामी करपात्री उच्चतर माध्यमिक शाला कवर्धा, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल कवर्धा, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल पिपरिया, उच्चतर माध्यमिक शाला रवेली, उच्चतर माध्यमिक शाला बिरकोना, स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम स्कूल कवर्धा, उच्चतर माध्यमिक शाला बम्हनी, उच्चतर माध्यमिक शाला कोको, उच्चतर माध्यमिक शाला सोनपुरी रानी, उच्चतर माध्यमिक शाला जेवडन खुर्द, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल कचहरी पारा कवर्धा, हाई स्कूल बरबसपुर, हाई स्कूल बारदी, हाई स्कूल अमलीडीह, हाई स्कूल नेवारी, हाई स्कूल पथर्रा, हाई स्कूल छिरहा स्कूल शामिल है।

## पंच कुंडीय हरिहरात्मक महायज्ञ व श्रीमद्भागवत कथा आयोजित



■ ग्राम कारीमाटी में 11 दिवसीय ज्ञान यज्ञ कथा आयोजित।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव



विकासखंड पंडरिया अंतर्गत ग्राम कारीमाटी निवासी स्व. दीपक चंद्रवंशी के वार्षिक श्राद्ध-बरसी तिथि पर संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा एवं पंच कुंडली हरिहरात्मक महायज्ञ यज्ञ कथा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें आसपास क्षेत्र के भक्तजनों व ग्रामीणों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर श्रीमद्भागवत कथा श्रवण एवं पंच कुंडली हरिहरात्मक महायज्ञ में परिक्रमा कर अपने जीवन को धन्य करें। जिसमें कथा व्यास श्री श्री 108 श्री जगतगुरु रामानंदाचार्य स्वामी धीरेंद्रचार्य महाराज परीक्षा झांसी उत्तरप्रदेश एवं ग्राम आचार्य पं सुरेंद्र पांडेय दुल्लापुर व यज्ञाचार्य पं प्रेमप्रकाश तिवारी काशी उत्तरप्रदेश व परायणकर्ता जगतगुरु के कृपा पात्र शिष्य महाराज शास्त्री राजा एवं अनुराग कृष्ण शास्त्री वाराणसी उत्तरप्रदेश द्वारा श्रीमद् भागवत महापुराण व पंच कुडीय हरिहरात्मक महायज्ञ कथा रसपान कराया जा रहा है। वहीं श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा में यजमान श्रीमती सीमा विकास चंद्रवंशी, श्रीमती शारदा चंद्रिका चंद्रवंशी एवं मुख्य यज्ञ यजमान श्रीमती रेखा गोपाल चंद्रवंशी विराजमान है। ग्राम कारीमाटी में आयोजित 11 दिवसीय इस संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा व पंच कुंडीय कथा आयोजन से आसपास क्षेत्र में भक्तिमय का माहौल बना हुआ है।

## महाराजपुर में बालिकाओं को सायकल वितरण की गई



**हरिभूमि कवर्धा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महाराजपुर में मंगलवार को निःशुल्क सरस्वती सायकल योजना के तहत दीपावली उपहार स्वरूप 59 बालिकाओं को सायकल वितरण शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष भीखम पटेल, सरपंच संतुराम धुर्वे, सदस्यगण रमेश जायसवाल, अंकित शर्मा, डूमर पटेल द्वारा किया गया। छत्तीसगढ़ सरकार की सरस्वती सायकल योजना वास्तव में एक महत्वपूर्ण और सराहनीय पहल है, जिसका उद्देश्य कक्षा 9 वीं में पढ़ने वाली छात्राओं को निःशुल्क सायकल प्रदान करना है, खासकर ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाली छात्राओं के लिए यह योजना अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) वर्ग की गरीबी रेखा से नीचे आने वाली (बीपीएल) छात्राओं के लिए है। इस योजना के माध्यम से सरकार का उद्देश्य बालिका शिक्षा को बढ़ावा देना, स्कूल ड्रॉपआउट कम करना और बालिका सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है। यह योजना छात्राओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने में मदद करेगी और उन्हें अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रेरित करेगी। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य चंद्रशेखर चौधरी, शिक्षक गण ठाकुर प्रसाद नायक, मुकेश ठाकुर, राजेश चंद्रवंशी, अब्दुल सईद खान, श्रीमती रंजना मिश्रा, श्रीमती मधुरिमा सोनी, श्रीमती प्रियंका मेहरा, श्रीमती अलका शर्मा, श्रीमती गायत्री तिवारी, श्रीमती सीमा मरकाम, श्रीमती प्रीति पांडेय, श्रीमती रामबती तिलगाम और आशीष अग्रवाल उपस्थित थें।

## बनते-बिगड़ते मौसम का असर सेहत पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले में इन दिनों मौसम का मिजाज बदला-बदला सा नजर आ रहा है। बेमौसम बारिश से जन-जीवन प्रभावित होने लगा है। बारिश से लोगों के स्वास्थ्य पर विपरित असर दिखाई दे रहा है। बेमौसम बारिश से सर्दी, खांसी व बुखार की शिकायते बढ़ी है। इससे बच्चे, बुजुर्ग ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। सरकारी हो या निजी अस्पतालों में मरीजों की संख्या पहले की तुलना में ज्यादा बढ़ा है, लोगों को सावधानी बरतने की जरुर है।

# राम्हेपुर कला में व्रतधारियों ने उगते सूर्य को अर्घ्य देकर सुख, शांति व समृद्धि की कामना



■ भोरमदेव शक्कर कारखाना कॉलोनी में छठ महापर्व की भव्य छटा बिखरी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर

बोड़ला विकासखंड के ग्राम राम्हेपुर कला स्थित भोरमदेव शक्कर कारखाना कॉलोनी में छठ पूजा का पावन पर्व आस्था और परंपरा के अनूठे संगम के साथ मनाया गया। कॉलोनी परिषर में विशेष पूजा कुंड बनाकर तथा गन्ने से मंडप सजाकर व्रतधारी महिलाओं ने सामूहिक रूप से सूर्य उपासना की। सुबह उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करते हुए श्रद्धालुओं ने जल में खड़े होकर सूर्य देव को प्रणाम किया और परिवार की सुख-समृद्धि, आरोग्य व संतान की दीर्घायु तथा राज्य-देश की उन्नति की प्रार्थना की। छठ महापर्व में उत्तर भारत विशेषकर यूपी-बिहार से जुड़े परिवारों की बड़ी संख्या में सहभागिता रही।

महिलाओं ने पारंपरिक गीत गाते हुए छठ मैया की महिमा का गुणगान किया और लोक संस्कृति की मनोहारी छवि प्रस्तुत की। पूजा के लिए बांस की टोकरी में केले, अमरूद, नींबू, नारियल, सेव, श्रीफल, गन्ना, मेवा-मिष्ठान सहित पारंपरिक प्रसाद ठेकुआ को सुंदरता से सजाया गया। गेहूं के आटे, शुद्ध घी और शक्कर से बना ठेकुआ छठ पूजा का मुख्य प्रसाद माना जाता है। पूरी कॉलोनी परिसर में छठ महापर्व की सौम्य और भव्य छटा दिखाई दी।

महिलाओं, पुरुषों और बच्चों की बड़ी संख्या कुंड स्थल पर एकत्रित हुई। श्रद्धालुओं ने मान्यता के अनुसार सूर्य देव को अर्घ्य देकर पूजा अर्चना की और छठ माता के जयकारों से वातावरण गुंजायमान रहा। इस धार्मिक आयोजन ने न केवल आस्था का संदेश दिया बल्कि सामूहिक समरसता और भारतीय सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया।

## ऑल इंडिया ओपन कराटे प्रतियोगिता में जिले के खिलाड़ियों ने जीते 48 पदक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया



**हरिभूमि कवर्धा।** विगत दिनों भिलाई के महिला महाविद्यालय में 25 एवं 26 अक्टूबर ऑल इंडिया ओपन कराटे चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। जिसमे विभिन्न राज्यों से आए 345 खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिसमे कबीरधाम जिले से 35 खिलाड़ी शामिल हुए। जिसमे जिले का परिणाम बालिका काता प्रथम सुचित्रा सिंह, स्वस्ति शर्मा, अंशिका चंद्रवंशी, मिली सोनी, उर्वी चंद्रवंशी द्वितीय, आराध्या चौहान, स्वरा चंद्रवंशी, तृतीय नित्या श्रीवास, प्रेरणा सिंह राजपूत अस्तिका चंद्रवंशी, आरूही श्रीवास, वैभवी सिंह, मधुरी यादव तथा बालक काता प्रथम सुधांशु चंद्रवंशी, भव्य श्रीवास, द्वितीय तेजश्वत यादव, तृतीय सर्वेश चंद्रवंशी, सामर्थ चंद्रवंशी, एकांश चंद्रवंशी, वेदांत सिंह, मौर्य कुमार, श्रीजन डेकाटे, बालिका कुमिते प्रथम नित्या श्रीवास, सुचित्रा सिंह, प्रेरणा सिंह राजपूत, आरूही श्रीवास, वैभवी सिंह, अंशिका चंद्रवंशी, मिली सोनी, उर्वी चंद्रवंशी, दिव्यांशी कुसरो, अदिति मानिकपुरी, द्वितीय आराध्या चौहान, मधुरी यादव, माही केराम, शैली पाली, तृतीय अस्तिका चंद्रवंशी, स्वरा चंद्रवंशी बालक कुमिते प्रथम भव्य श्रीवास, वीरेंद्र कुशरे, मौर्य कुमार, दुर्गेश कुशरे, तेजश्वत यादव, द्वितीय एकांश चंद्रवंशी, सर्वेश चंद्रवंशी, वेदांत सिंह, तृतीय सुधांशु चंद्रवंशी, सामर्थ चंद्रवंशी, श्रीजन डेकाटे, वात्शल्या दामले सभी खिलाड़ी पुलिस विभाग आरक्षक आकाश सिंह राजपूत के मार्गदर्शन में करपात्री स्कूल में निरतंर अभ्यास कर रहे है। खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर जिला कराटे संघ के पदाधिकारी गण, सहायक कोच मनीष निषाद, अजय सलाम एवं समस्त अभिभावकों एवं खिलाड़ियों ने शुभकामनाएं दी।

## लाखों रुपए खर्च के बाद भी शौचालय औचित्यहीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जनपद पंचायत बोड़ला के ग्राम पंचायत बैजलपुर में बना सामुदायिक शौचालय पूरी तरह उपेक्षा का शिकार हो गया है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत लाखों रुपये खर्च कर शौचालय तो बना दिया गया, लेकिन आज तक न तो पानी की टंकी लगाई गई और न ही जल व्यवस्था की कोई सुविधा उपलब्ध कराई गई है। ऐसे में सामुदायिक शौचालय औचित्यहीन नजर आ रहा है। सफाई व्यवस्था के अभाव में शौचालय का उपयोग करना मुश्किल हो गया है। ग्राम पंचायत को स्वच्छ बनाने और लोगों को सुविधा उपलब्ध करने की मंशा पर पानी फिर गया है।

**बेसबॉल-सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता में जीते 20 पदक, उत्साह का माहौल**

# राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अशोका स्कूल के खिलाड़ियों का रहा दबदबा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

अशोका पब्लिक स्कूल कवर्धा के बेसबॉल एवं सॉफ्टबॉल खिलाड़ियों ने शालेय राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 06 स्वर्ण, 11 रजत एवं 03 कांस्य पदक अर्जित किए। विगत दिनो शालेय 25वीं राज्य स्तरीय सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता (मिनी एवं सीनियर बालक/बालिका वर्ग) का आयोजन रायगढ़ में 05 से 08 अक्टूबर तक तथा सॉफ्टबॉल जूनियर वर्ग का आयोजन कवर्धा में 10 से 13 अक्टूबर तक किया गया। वहीं बेसबॉल मिनी, जूनियर एवं सीनियर वर्ग की प्रतियोगिता बिलासपुर में 15 से 18 अक्टूबर तक आयोजित हुई। इन प्रतियोगिताओं में अशोका पब्लिक स्कूल कवर्धा के कुल 20 विद्यार्थियों का चयन हुआ, जिन्होंने दुर्ग जोन का प्रतिनिधित्व किया। सॉफ्टबॉल जूनियर एवं सीनियर वर्ग में सोहम सिंह, हिमेश यादव, निकिता नारंग, श्रवण राजपूत, सोमेश पाल एवं आयुष सिंह ने स्वर्ण पदक हासिल किए। वहीं सॉफ्टबॉल मिनी वर्ग में कावेश देवांगन, गुनिस्का जांगड़े और अनन्या चंद्रवंशी ने रजत पदक प्राप्त किए। तथा बेसबॉल प्रतियोगिता में दीक्षांत पुष्कर सिन्हा, वासुदेव वैष्णव, कृष सिन्हा, गोपी सिंह, हिमेश जांगड़े एवं विनय राजपूत ने कुल 11 रजत पदक अर्जित किए और तान्या सिन्हा, सौम्या चंद्राकर और सौम्याना गेंद्रे ने कांस्य पदक प्राप्त किए। इन खिलाड़ियों ने रायगढ़, कवर्धा और बिलासपुर में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में दुर्ग जोन का प्रतिनिधित्व करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और प्रदेश के अन्य संभागों रायपुर, बस्तर, सरगुजा एवं बिलासपुर की टीमों को पछाड़ते हुए विजेता और उपविजेता स्थान प्राप्त किया।

### छात्र शिक्षा के साथ-साथ खेल के क्षेत्र में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे

विद्यालय के संचालक पवन देवांगन ने बताया कि विद्यालय के छात्र शिक्षा के साथ-साथ खेल के क्षेत्र में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। इन छात्राओं का चयन जुलाई माह में बेमेतरा स्थित जेवरा स्कूल में आयोजित क्षेत्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में उनके शानदार प्रदर्शन के आधार पर हुआ था। उन्होंने कहा कि विद्यालय के विद्यार्थी हर वर्ष राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में चयनित होकर विद्यालय के साथ-साथ शहर, जिला और प्रदेश का नाम रौशन करते आ रहे हैं।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### जिला कार्यालय में आईटी डेस्क स्थापित

**कवर्धा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा के निर्देश पर निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण वर्ष 2026 के दौरान मतदाताओं की सुविधा के लिए जिला कार्यालय कबीरधाम के एनआईसी कक्ष में आईटी डेस्क की स्थापना की गई है। आईटी डेस्क में जिला सूचना विज्ञान अधिकारी नभ वर्मा एवं डाटा एंट्री ऑपरेटर सितेश देवांगन की ड्यूटी लगाई गई है। यह डेस्क निर्वाचन कार्यों में तकनीकी सहायता प्रदान करते हुए जिले में चल रहे विशेष पुनरीक्षण कार्य की पारदर्शिता और दक्षता सुनिश्चित करेगा।

### छिरहा स्कूल में स्मार्ट क्लास का शुभारंभ



**कवर्धा।** जिले के कवर्धा ब्लॉक अंतर्गत स्थित शासकीय हाई स्कूल छिरहा में स्मार्ट क्लास का ऑनलाइन शुभारंभ प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के द्वारा किया गया। विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नितेश अग्रवाल ने संबोधित करते हुए कहा कि यह विद्यालय अब वर्तमान डिजिटल युग की शिक्षा पद्धति से जुड़ गया है, इससे एक क्लिक के माध्यम से पूरे विश्व से जुडा जा सकता है। सभी विद्यार्थी इस सुविधा का लाभ लेते हुए खूब मेहनत करें। अति विशिष्ट अतिथि लोकचंद साहू ने कहा कि उपमुख्यमंत्री के सतत प्रयास से सभी क्षेत्र में विकास हो रहा है, उन्हीं के प्रयास से छिरहा स्कूल को यह सौगात मिला है। विद्यार्थियों में शिक्षा के साथ अच्छे संस्कार होना भी आवश्यक है। सभी विद्यार्थी कठोर परिश्रम करें और इस बात का ध्यान रखें कि हार के बाद जीत है। विशिष्ट अतिथि चंदन पटेल व पवन पटेल ने भी संबोधित करते हुए विद्यार्थियों को प्रेरित किया। प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी ने विद्यालय में किए जा रहे नवाचारों व विभिन्न उपलब्धियों से अवगत कराया। [या गया।

**समस्या:** अव्यवस्था व समस्याओं से परेशान किसानो ने कलेक्टर से की मुलाकात, सौंपा ज्ञापन

# किसानों को समझ में नहीं आ रही नई धान खरीदी नीति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

इस वर्ष तथा कथित रूप से व्यवस्थित और सही ढंग से समर्थन मूल्य में धान खरीदी के लिए प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा लागू की गई नई धान खरीदी नीति किसानो को समझ में नहीं आ रही है और वे इस नई धान खरीदी नीति की मकड़जाल में फंसकर खासे परेशान हो रहे हैं। एक तरफ मौसम की मार और दूसरी तरफ सरकारी सिस्टम में फंसे जिले के किसान दौड़ा-दौडा- भागा-भागा सा हो गया है वह कभी पटवारी के पास, कभी सोसाइटी म तों, कभी च्वाइस सेंटर में और कभी तहसीलदार के चक्कर लगा रहा है लेकिन इतने चक्करों के बाद भी उसकी समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। इस स्थिति को देखते हुए ऐसा लगता है कि सरकार की नई धान खरीदी नीति की जानकारी या तो सरकारी विभागों में बैठे संबंधित अधिकारी कर्मचारियों को भी नहीं है या फिर वे जानबूझकर किसानों को परेशान कर रहे हैं। किसानो ने बताया कि पहले पटवारी गांव-गांव खेत-खते जाकर फसल सर्वे किया करते थे लेकिन अब जिनको ठीक से जानकारी नहीं है ऐसे लोगों को फसल सर्वे के लिए भेज दिया गया। किसानो की माने जो मौजूदा समस्या की शुरुआत यहीं से हुई है। इसके अलावा एग्रीस्टेक पोर्टल में रजिस्ट्रेशन किसानो के लिए पहाड़ फोड़ने जैसा काम हो गया। जिसके चलते किसानो को अब समर्थन मूल्य में धान बैचना पहाड़ जैसे प्रतीत हो रहा है। किसानो की इन्हीं तमाम समस्याओं को लेकर मंगलवार को भारतीय किसान संघ के प्रतिनिधिमण्डल ने जिला कार्यालय कवर्धा पहुंचकर जिलाधीश से मुलाकात की और किसानो की समस्याएं तथा मांगे उनके समक्ष रखी। मुख्य रूप से किसानो ने धान पंजीयन में आ रही दिक्कतों के सम्बन्ध में कलेक्टर से चर्चा की। जिस पर कलेक्टर ने बताया कि एग्रीस्टेक पंजीयन में आ रही दिक्कत तथा फसल पंजीयन प्रविष्टी निरंक होने की समस्या का समाधान शीघ्र ही शासन द्वारा कराया जायगा। किसानों को चिंता करने की जरूरत नहीं है। सभी किसानों के सभी रकबे का धान खरीदी के लिए पंजीयन होगा, कोई भी किसान धान बेंचने से वंचित नहीं होगा। वहीं संघ ने प्रशासन से मांग की है कि व्यवस्था ऐसी हो की सभी किसान सुविधा पूर्ण ढंग से और समय पर अपनी फसन समितियों में बेंच पाएं।

### धान खरीदी में रूकेगा फर्जीबाड़ा



हालांकि जानकारों की माने तो सरकार की नई धान खरीदी नीति कई लिहाज से काफी बेहतर है और इससे फर्जी धान खरीदी में कसावट आएगी और बाजिब किसान सही व सुविधा पूर्ण ढंग से अपना धान समितियों में बेंच पाएंगे। जिसके लिए शासन-प्रशासन द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

# धान खरीदी के लिए किसानों का एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन कराना अनिवार्य

## 31 अक्टूबर अंतिम तिथि निर्धारित

- किसानों से समय-सीमा में फार्मर आईडी बनवाने की अपील

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

राज्य शासन द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 हेतु समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए एग्रीस्टेक पोर्टल में किसान पंजीयन को अनिवार्य किया गया है।

इसके तहत जिले के सभी किसानों को 31 अक्टूबर 2025 तक पोर्टल में पंजीयन कराना आवश्यक है। पंजीकृत किसानों को 11 अंकों की फार्मर आईडी प्राप्त होगी, जिसके माध्यम से वे पारदर्शी रूप से धान विक्रय, फसल बीमा तथा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की आगामी किस्त सहित अन्य विभागीय योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकेंगे। किसानों से अपील की गई है कि वे समय-सीमा के भीतर एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन अवश्य कराएं।

पंजीयन की सुविधा स्वयं ऑनलाइन, अथवा अपने क्षेत्र की सेवा सहकारी समिति, लोक सेवा केंद्र अथवा राजस्व विभाग के पटवारी के माध्यम से उपलब्ध है। फार्मर आईडी हेतु किसान को अपनी बी-1 भूमि अभिलेख पुस्तिका, आधार कार्ड एवं आधार से लिंक मोबाइल नंबर साथ रखना अनिवार्य है। पंजीकरण के पश्चात प्रत्येक किसान को 11 अंकों की यूनिक डिजिटल आईडी प्रदान की जाएगी, जो उनकी डिजिटल पहचान होगी। एग्रीस्टेक पोर्टल भारत सरकार की एक महत्वपूर्ण डिजिटल पहल है, जिसका उद्देश्य किसानों की पहचान, भूमि रिकॉर्ड, फसल जानकारी, वित्तीय विवरण एवं बीमा इतिहास को एकीकृत कर भारतीय कृषि को तकनीकी रूप से सशक्त बनाना है।

राज्य शासन द्वारा यह व्यवस्था किसानों को शासन की सभी योजनाओं का लाभ पारदर्शी एवं एकीकृत प्रणाली से उपलब्ध कराने के लिए की गई है। सभी प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों को निर्देशित किया गया है कि वे किसानों का नवीन पंजीयन एवं फसल रकबा संशोधन कार्य प्राथमिकता से पूर्ण करें। पंजीयन की प्रक्रिया प्रतिवर्ष 1 जुलाई से 31 अक्टूबर तक संचालित होती है। इस वर्ष एग्रीस्टेक पंजीयन प्रक्रिया को और मजबूत करने के लिए कृषि विभाग, खाद्य विभाग और राजस्व विभाग के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित किया गया है।

# पुलिस स्मृति एवं राष्ट्रीय एकता दिवस पर व्हॉलीबॉल प्रतियोगिता आयोजित, सिटी क्लब कवर्धा बनी विजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

पुलिस स्मृति एवं राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में, कबीरधाम पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल के मार्गदर्शन में, पुलिस विभाग जिला कबीरधाम द्वारा दो दिवसीय व्हॉलीबॉल प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता 26 से 27 अक्टूबर 2025 तक कवर्धा पुराना पुलिस लाइन स्थित व्हॉलीबॉल मैदान में आयोजित की गई, जिसमें खिलाड़ियों और दर्शकों का उत्साह चरम पर रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा वीर शहीदो को श्रद्धांजलि अर्पित कर किया गया। इस दौरान शहीदों के पराक्रम, त्याग और समर्पण को नमन करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया गया। वीर शहीदों के बलिदान से प्रेरित होकर, खेल भावना और राष्ट्रीय एकता के मूल्यों को मजबूत करने की दिशा में यह आयोजन किया गया। आयोजकों से मिली जानकारी के अनुसार प्रतियोगिता में कुल आठ टीमों ने भाग लिया। जिसमें कवर्धा, नवापारा, रेतापारा, सिटी क्लब कवर्धा,



कवर्धा पुलिस टीम, लोहझरी, केन्द्रीय विद्यालय कवर्धा एवं कवर्धा बी टीम शामिल रही। दो दिनों तक चले मुकाबलों में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का दिल जीत लिया। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर विजेता टीमों को पुलिस अधिकारियों द्वारा पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सिटी क्लब कवर्धा, द्वितीय स्थान पुलिस टीम कवर्धा तथा तृतीय स्थान नवापारा की टीम ने प्राप्त किया। इसी प्रकार बालिका वर्ग में प्रथम स्थान कॉलेज टीम तथा द्वितीय स्थान स्कूल टीम ने प्राप्त किया। सांत्वाना पुरस्कार रैतापारा, भरेली, लोहझरी, सिटी क्लब बी कवर्धा, केन्द्रीय विद्यालय कवर्धा को प्राप्त हुआ। इस अवसर पर पुलिस कप्तान के द्वारा कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं न केवल पुलिस बल की शारीरिक दक्षता और मानसिक स्फूर्ति को बढ़ाती हैं, बल्कि पुलिस और नागरिकों के बीच सद्भाव, एकता और टीम भावना को भी प्रोत्साहित करती हैं। समापन कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, उप पुलिस अधीक्षक प्रतीक चतुर्वेदी, कृष्णकुमार चंद्राकर, रक्षित निरीक्षक महेश्वर सिंह, निरीक्षक महेश प्रधान, उमाशंकर राठौर, उप निरीक्षक अजयकांत तिवारी एवं अधिक संख्या में खिलाड़ी तथा नगरवासी उपस्थित थे।

# गोपाष्टमी के अवसर पर तीन दिवसीय गौ महोत्सव प्रारंभ

- गौमाता की पूजा, हवन, गौकथा और भजन-संकीर्तन के कार्यक्रम किए जाएंगे आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

गौमाता भारतीय संस्कृति, पर्यावरण और मानवता की आधारशिला हैं। इन्हीं के संरक्षण और संवर्धन के संकल्प के साथ केशव गौशाला लोहरा (रोहरा), तहसील पंडरिया, जिला कबीरधाम में गोपाष्टमी के पावन अवसर पर तीन दिवसीय गौ महोत्सव का आयोजन किया गया है।

जिसका शुभारंभ 28 अक्टूबर को किया गया वहीं समापन 30 अक्टूबर को किया जाएगा। इस दौरान गौमाता की पूजा, हवन, गौकथा और भजन-संकीर्तन के माध्यम से गौसेवा के दिव्य संदेश को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। इस पवित्र आयोजन में कथा वाचक पं. ओमप्रकाश ठाकुर अपने प्रेरक प्रवचनों के माध्यम से गौमाता की महिमा, गोसेवा का महत्व और सनातन संस्कृति से इसके गहरे संबंध पर प्रकाश डालेंगे। सह-प्रवचन सत्यदत्त शास्त्री ग्राम- केशरमरा द्वारा किया जाएगा।

आयोजकों से मिली जानकारी के अनुसार निर्धारित कार्यक्रम के तहत प्रतिदिन हवन पूजन प्रातः 9.00 से 12.00 बजे तक, भजन-संकीर्तन दोपहर 12. 00 से 2. 00 बजे तक गौकथा दोपहर 2.00 से शाम 6 00 बजे तक, गौमाता व श्रीकृष्ण आरती प्रतिदिन शाम 6.00 बजे तथा रात्रि भजन रात 8.00 से 11.00 बजे तक किया जाएगा। गौमाता के संरक्षण को राष्ट्रधर्म मानते हुए यह आयोजन पूरे क्षेत्र में गौरक्षा और पर्यावरण-संवर्धन की चेतना जगाने का कार्य करेगा। आयोजक समिति ने सभी गौभक्तों, धर्मप्रेमियों और संस्कृतिप्रेमियों से परिवार सहित इस आयोजन में सम्मिलित होने का आग्रह किया है।

# राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर जिला पुलिस द्वारा सद्भावना दौड़ का आयोजन 31 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

पुलिस अधीक्षक धमेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में जिला पुलिस कबीरधाम द्वारा राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में सद्भावना एवं एकता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने हेतु सद्भावना दौड़ का आयोजन किया जा रहा है। यह सद्भावना दौड़ 31 अक्टूबर 2025 को प्रातः 7:00 बजे पुलिस अधीक्षक कार्यालय कवर्धा से प्रारंभ होगी। दौड़ का मार्ग पुलिस अधीक्षक कार्यालय से रानी दुर्गावती चौक, अंबेडकर चौक, सिग्नल चौक होते हुए पुनः पुलिस अधीक्षक कार्यालय तक रहेगा। सद्भावना दौड़ में जिले के विद्यार्थी, युवा, पुलिस बल, सामाजिक संगठन तथा आम नागरिक उत्साहपूर्वक भाग ले सकेंगे। दौड़ का आयोजन दो वर्गों में किया जाएगा बालक वर्ग एवं बालिका वर्ग। प्रतियोगिता में विजेताओं को प्रोत्साहन स्वरूप आकर्षक पुरस्कार भी प्रदान किए जाएंगे। प्रथम स्थान प्राप्त प्रतिभागी को 5,000 रुपये एवं शील्ड मोमेंटो, द्वितीय स्थान को 3,000 रुपए एवं मोमेंटो, तृतीय स्थान को 2,000 रुपये एवं मोमेंटो प्रदान किए जाएंगे। सद्भावना दौड़ में भाग लेने के इच्छुक प्रतिभागियों के लिए ऑनलाइन पंजीयन के लिए गूगल लिंक जारी किया गया है, जिसके माध्यम से प्रतिभागी अपनी जानकारी भरकर प्रतियोगिता में शामिल हो सकते हैं। पुलिस अधीक्षक धमेंद्र सिंह ने जिलेवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस सद्भावना दौड़ में भाग लेकर राष्ट्रीय एकता, सामाजिक समरसता और भाईचारे के इस संदेश को सशक्त बनाएं। उन्होंने कहा कि आइए, हम सब मिलकर राष्ट्रीय एकता और अखंडता के लिए दौड़, एक भारत श्रेष्ठ भारत के संकल्प को साकार करें। उन्होंने आगे कहा कि इस दौड़ में सभी आयु वर्ग के नागरिकों की सक्रिय भागीदारी अपेक्षित है। यह आयोजन न केवल खेल भावना को बढ़ावा देगा बल्कि जिले में सामाजिक समरसताए देशभक्ति और सामूहिक उत्तरदायित्व की भावना को भी मजबूत करेगा। जिला पुलिस कबीरधाम द्वारा आयोजित यह सद्भावना दौड़ समाज में आपसी सहयोग और सकारात्मक ऊर्जा का संदेश देने के उद्देश्य से की जा रही है।

### कामता पाटिल को दी गई श्रद्धांजलि




**कवर्धा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजानवागांव में स्वर्गीय कामता प्रसाद पाटील व्याख्याता को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर शोकसभा का आयोजन कर श्री पाटिल के तेलचित्र में पुष्पहार, फूल माला अर्पित कर विद्यालय के व्याख्याता गण एवं छात्र-छात्राओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की। प्राचार्य सुजीत गुप्ता ने बताया कि कामता पाटिल का जन्म 10 जुलाई 1981 को हुआ था तथा वे शिक्षकीय जीवन में 2008 में आए। 2011 से लेकर आज पर्यंत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजानवागांव में 14 वर्षों से सेवारत रहे। इस दौरान वे जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर का कार्य, बोर्ड मूल्यांकन में डिप्टी हेड एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में राज्य स्तर पर कला उत्सव में लगातार भाग लेते रहे। वे बहुत ही सरल और सौम्य छवि के थे। उनके द्वारा लगातार परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत दिया जाते रहा है। उनके आकस्मिक निधन से शाला परिवार बहुत स्तब्ध है एवं उनके परिवार को इस दुख को सहने के लिए क्षमता प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हैं। इस अवसर पर विद्यालय के अजय कुर्रे, जय लक्ष्मी शर्मा, बरखा रानी साहू, शोभना जांगड़े,आशा अवस्थी, पूजा सिंह ,विधि राम चंद्रवंशी, कमलेश तिवारी, शिवेंद्र चंद्रवंशी, आनंद चंद्रवंशी, ऊषा गुप्ता, प्रियंका टोप्पो, बिंदेश्वरी सिन्हा, धनंजय यादव, रणंजय सुतार, जलेश्वर पाली आदि उपस्थित थे।

# उपमुख्यमंत्री ने स्मार्ट क्लास के शुभारंभ अवसर पर स्कूल परिसर में किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



उपमुख्यमंत्री व कवर्धा विधायक विजय शर्मा ने मंगलवार को उच्चतर माध्यमिक शाला बिरकोना में स्मार्ट क्लास की ऐतिहासिक शुरुआत करने के बाद विद्यालय परिसर में पौधरोपण कर हरियाली और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि स्मार्ट क्लास तकनीक के माध्यम से विद्यार्थियों को अब नवीन शिक्षण विधियों से जोड़ा जा रहा है, जिससे शिक्षा अधिक रोचक, व्यवहारिक और गुणवत्तापूर्ण बनेगी। इस अवसर पर बोड़ला जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि रामकिंकर वर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष विजय पाटिल, संतोष मिश्रा, जिला पंचायत सदस्य राजकुमार मेरावी, श्रीमती ललिता रूपसिंह धुर्वे, मोहन धुर्वे, गजानंद यादव, मीलू साहू, सुनील साहू सहित जनप्रतिनिधि, विद्यार्थी, ग्रामीण, शिक्षक उपस्थित थे।

भगवान श्री सहस्त्रबाहु अर्जुन जन्मोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा

# डड़सेना कलार समाज सशक्त व संगठित होकर बढ़ रहा आगे: डिप्टी सीएम श्री शर्मा



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा ने मंगलवार को कवर्धा शहर के भारत माता चौक में डड़सेना कलार समाज द्वारा आयोजित भगवान श्री सहस्त्रबाहु अर्जुन जन्मोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शमिल होकर समाज के साथ पारंपरिक और आध्यात्मिक उत्सव साझा किया। कार्यक्रम की शुरुआत उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन की तैलचित्र पर दीप प्रज्वलित एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की। इस दौरान उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने रायपुर रोड स्थित भगवान सहस्त्रबाहु चौक का सौंदर्यीकरण तथा भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन की भव्य प्रतिमा की स्थापना करने की घोषणा की। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि डड़सेना कलार समाज आज सशक्त रूप से संगठित होकर एक नई दिशा में आगे बढ़ रहा है। समाज ने शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां अर्जित की हैं, जिससे यह सिद्ध होता है कि नई पीढ़ी जागरूक और लक्ष्य के प्रति समर्पित है। उन्होंने गर्व के साथ उल्लेख किया कि समाज के युवा प्रतियोगी परीक्षाओं में चयनित होकर प्रशासनिक और अन्य महत्वपूर्ण सेवाओं में अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं, जो न केवल समाज बल्कि पूरे प्रदेश के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि समाज के वरिष्ठजनों द्वारा दिखाई जा रही एकजुटता, अनुशासन और सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण की भावना प्रेरणादायक है। इसी संगठित प्रयास का परिणाम है कि समाज की नई पीढ़ी आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रही है तथा राज्य और राष्ट्र के निर्माण में अपना योगदान दे रही है। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि समाज के सर्वांगीण उत्थान और विकास से जुड़े हर सार्थक प्रयास में छत्तीसगढ़ सरकार पूर्ण सहयोग प्रदान करेगी। शिक्षा, कौशल विकास, सांस्कृतिक संरक्षण और सामाजिक सशक्तिकरण जैसे सभी क्षेत्रों में सरकार की योजनाओं और संसाधनों का लाभ समाज को प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि समाज आगे बढ़ने का संकल्प ले तो सरकार सदैव उसके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी रहेगी। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, उपाध्यक्ष पवन जायसवाल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती देवकुमारी चंद्रवंशी, श्रीमती सतविंदर पाहुजा, पार्षद दीपक सिन्हा, अध्यक्ष रूपेन्द्र जयसवाल, गजेंद्र जयसवाल, खेलूराम जयसवाल, आत्माराम जयसवाल, श्याम लाल, बद्री जयसवाल, रोहित, उमराव सहित जनप्रतिनिधि, समाज के नागरिक उपस्थित थे।

